मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक
रांची,बुधवार, 20 मई 2026
संवत 2083, अधिक ज्येष्ठ शुक्ल 4 मूल्य-3 रुपये
वर्ष-9, अंक 245 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▸▸ दुनिया का अमेरिका से डगमगाता विश्वास
'60 का हूं, लड़ना नहीं भूला, जला दूंगा' - पैपराजी पर भड़के सलमान खान ◂◂ 6

# प्रेम- प्रसंग में हाई टेंशन बिजली टावर पर चढ़कर युवक ने की आत्महत्या,सनसनी



**संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची के बेड़ों इलाके से एक दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां एक 18 वर्षीय युवक ने हाई टेंशन बिजली टावर पर चढ़कर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। मृतक की पहचान बिरसा उरांव के रूप में हुई है। वह गुमला जिले के भरनो थाना क्षेत्र का रहने वाला था। शुरूआती जानकारी के मुताबिक युवक का प्रेम प्रसंग चल रहा था और इसी दौरान प्रेमी-प्रेमिका के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद युवक ने यह खौफनाक कदम उठा लिया। सुबह ग्रामीणों ने देखा टावर से लटकता शवः घटना का खुलासा उस समय हुआ जब सुबह स्थानीय ग्रामीणों की नजर बिजली के टावर पर पड़ी। लोगों ने देखा कि एक युवक का शव टावर से लटका हुआ है। यह दृश्य देखते ही इलाके में हड़कंप मच गया। धीरे-धीरे बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मामला हाई टेंशन लाइन से जुड़ा होने के कारण पुलिस ने पहले बिजली विभाग से संपर्क किया। विद्युत आपूर्ति बंद करवाई गई, जिसके बाद काफी सावधानी के साथ शव को नीचे उतारा गया। पुलिस ने कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। शुरूआती जांच में प्रेम प्रसंग और आपसी विवाद की बात सामने आ रही है। पुलिस युवक के करीबी लोगों और परिचितों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता चल सके कि आखिर किन परिस्थितियों में युवक ने इतना बड़ा कदम उठाया।

## डायन-बिसाही के शक में बुजुर्ग महिला की हत्या, आरोपी गिरफ्तार



**चाईबासाः** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुवा थाना अंतर्गत बोयकेड़ा पंचायत के बुंडूकोचा वनग्राम में अंधविश्वास की एक वारदात सामने आई है। यहां डायन-बिसाही के शक में 55 वर्षीय एक बुजुर्ग महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। साक्ष्य छिपाने की नीयत से आरोपियों ने शव को गांव से करीब 200 मीटर दूर एक गहरी खाई में फेंक दिया। मृतका की पहचान बाईबेड़ा गांव निवासी चांदू पुर्ती (पति स्व. विनोद पुर्ती) के रूप में हुई।

मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि तीन अन्य फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है। यह घटना रविवार शाम की है।

जंगल से दुर्गंध आने पर ग्रामीणों को हुआ शकः मिली जानकारी के अनुसार घटना के बाद से ही महिला लापता थी। मंगलवार को जब बुंडूकोचा वनग्राम के समीप घने जंगल से तेज दुर्गंध आने लगी, तब ग्रामीणों को शक हुआ। इसके बाद लोगों ने तुरंत इसकी सूचना सोनुवा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सोनुवा थाना प्रभारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद जंगल की खाई से बुजुर्ग महिला का खून से लथपथ शव बरामद किया।

अस्पताल जाने के बजाय अंधविश्वास का सहाराः सोनुवा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना में शामिल पनसुआं गांव निवासी 26 वर्षीय प्रेमजीत बानरा को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी काफी समय से गंभीर रूप से बीमार चल रही थी। कई प्रयासों के बाद भी जब उसकी सेहत में सुधार नहीं हुआ, तो उसे चांदू पुर्ती पर डायन होने का शक हुआ। इसी सनक में उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर महिला को मौत के घाट उतार दिया।

मामले को लेकर थाना प्रभारी शशिबाला भेंगरा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया गया है।0 फरार आरोपियों के खिलाफ 'डायन-प्रथा प्रतिषेध अधिनियम' के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो को नहीं मिली जमानत

### बकाया राशि के भुगतान और बिल पास कराने के लिए घुस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार हुई थीं पंचायत सचिव

**रांचीः** बकाया राशि के भुगतान और बिल पास कराने के लिए घुस लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार हुई महिला पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो को बड़ा झटका लगा है। झारखंड हाईकोर्ट ने किरण कुसुम को बेल देने से इंकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई, जमानत याचिका खारिजः झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टीस अनुभा रावत चौधरी की बेंच में किरण कुसुम की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एसीबी और बचाव पक्ष की बहस और दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने किरण कुसुम की जमानत याचिका खारिज कर दी।

किरण कुसुम के विरुद्ध एसीबी ने पिछले दिनों चार्जशीट भी दाखिल कर दी है। एसीबी की ओर से दाखिल चार्जशीट में पूरी घटना का क्रमवार जिक्र किया गया है। इसके साथ ही एजेंसी ने अपनी चार्जशीट में कई खुलासे भी किये हैं और पंचायत सचिव किरण कुसुम खलखो पर लगे आरोपों को प्रमाणित करने के लिए कई सबूत भी पेश किये हैं 12 मार्च को गुमला से हुई थी गिरफ्तारीः चार्जशीट दायर होने के बाद कोर्ट ने अभियोजन स्वीकृति की प्रतीक्षा में अगली सुनवाई के लिए 21 मई की तिथि निर्धारित की है। अउइ ने किरन कुसुम खलखो को 12 मार्च को गुमला जिले से गिरफ्तार किया था। उसकी पोस्टिंग बिशुनपुर प्रखंड के सेरका पंचायत में थी। जहाँ उसपर 8,000 रुपए रिश्वत लेने का आरोप लगा था जिसके बाद एसीबी ने उसे गिरफ्तार किया था।

### जातिगत जनगणना पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, याचिका खारिज कर सीजेआई बोले-

# पिछड़ों की गिनती जरूरी, हम दखल नहीं देंगे

**नई दिल्ली :** देश में जातिगत जनगणना को लेकर चल रही लंबी बहस के बीच सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को एक बेहद अहम फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने जातिगत जनगणना पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को सिरे से खारिज कर दिया है। कोर्ट ने अपना रुख स्पष्ट करते हुए कहा है कि जनगणना जातिगत होनी चाहिए या नहीं, यह पूरी तरह से सरकार का नीतिगत मामला है और न्यायपालिका इसमें कोई दखल नहीं दे सकती। पिछड़े वर्ग की सही संख्या का पता होना सरकार के लिए जरूरीः इस महत्वपूर्ण मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की संयुक्त बेंच कर रही थी। याचिका पर कड़ा रुख अपनाते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि सरकार को देश में अन्य पिछड़ा वर्ग की सही संख्या का पता होना ही चाहिए।

### शराब घोटाले के मुख्य आरोपी भूपेंद्र सिंह भाटिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

# किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर लगाई रोक

**मेट्रो रेज**

**रांची/ नई दिल्लीः** झारखंड के चर्चित शराब घोटाले के मुख्य आरोपी और भाटिया वाइंस एंड कंपनी के मालिक भूपेंद्र सिंह भाटिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने भूपेंद्र पाल सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए उसके खिलाफ किसी भी तरह की पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है।

**सुप्रीम कोर्ट ने एसीबी की कार्रवाई पर लगाई रोकः** सुप्रीम कोर्ट ने पीड़क कार्रवाई पर रोक के बाद अब एसीबी अगली सुनवाई तक भूपेंद्र सिंह भाटिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पाएगी। भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया को झारखंड हाईकोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया था जिसके बाद उसने सुप्रीम कोर्ट में अपनी अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए अग्रिम जमानत याचिका दायर की है।

भूपेंद्र पाल सिंह की याचिका सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने एसीबी को नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई के लिए 31 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। शीर्ष अदालत ने भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया को एसीबी की जाँच में सहयोग करने का भी निर्देश दिया है। बिना वैध एग्रीमेंट शराब बिक्री और राजस्व नुकसान का आरोपः भूपेंद्र पाल सिंह पर आरोप है कि भाटिया वाइंस एंड कंपनी ने बिना वैध एग्रीमेंट के ही शराब की बिक्री की और प्लेसमेंट से लेकर शराब की आपूर्ति तक की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी की है इससे सरकार को सैकड़ों करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। इस मामले में विनय कुमार चौबे समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया है।

इस साल जनवरी के अंत में झारखंड एसीबी की टीम भूपेंद्र पाल सिंह भाटिया को गिरफ्तार करने के लिए छत्तीसगढ़ गई थी। लेकिन गिरफ्तारी से पहले ही भाटिया फरार हो गया था।

# ईरान से जंग में स्वाहा हो गए 42 खतरनाक अमेरिकी विमान, रिपोर्ट ने हिला दी दुनिया



**वॉशिंगटन :** मडिल ईस्ट में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच छिड़ी भीषण जंग पर फिलहाल सीजफायर जरूर लागू है, लेकिन तनाव की आग अब भी सुलग रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार ईरान को बर्बाद करने की धमकियां दे रहे हैं और आशंका जताई जा रही है कि अमेरिका जल्द ही फिर से ईरान पर बड़े हमले शुरू कर सकता है। लेकिन इसी बीच एक ऐसी चौंकाने वाली खुफिया रिपोर्ट सामने आई है, जिसने पूरी दुनिया को हैरत में डाल दिया है। इस नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ईरान के खिलाफ छेड़ी गई इस जंग में खुद अमेरिका को भी भयंकर नुकसान उठाना पड़ा है और उसने अपने 42 बेहद आधुनिक और खतरनाक विमान हमेशा के लिए खो दिए हैं।

**ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में हुआ अमेरिका का भारी नुकसानः** दरअसल, अमेरिका ने इसी साल 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ ऑपरेशन एपिक फ्यूरी नाम से एक बेहद आक्रामक सैन्य अभियान शुरू किया था। इस ऑपरेशन के तहत ईरान के कई सैन्य ठिकानों को बेरहमी से निशाना बनाया गया। यह हमला इतना भीषण था कि इसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई समेत कई बड़े ईरानी नेताओं और शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत हो गई। अब अमेरिका के इस विनाशकारी ऑपरेशन को लेकर कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस ने एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के खुलासे के मुताबिक, ईरान को दहलाने वाले इस ऑपरेशन में अमेरिका के लड़ाकू विमानों और ड्रोनों सहित कम से कम 42 विमान या तो पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं या फिर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं।

**एफ35 से लेकर रीपर ड्रोन तकङ्ख कबाड़ बन गए ये घातक हथियार :** सीआरएस की रिपोर्ट में उन अमेरिकी विमानों का पूरा ब्यौरा दिया गया है, जो इस जंग की भेंट चढ़ गए। क्षतिग्रस्त और तबाह हुए इन 42 विमानों की लिस्ट में 4 एफ-15ई (एफ-15ए) स्ट्राइक ईगल लड़ाकू विमान, एक बेहद एडवांस एफ-35ए (एफ-35अ) लाइटनिंग-2 लड़ाकू विमान और एक ए-10 (अ-10) थंडरबोल्ट-2 जमीनी हमला विमान शामिल है। इसके अलावा 7 केसी-135 स्ट्रैटोटैंकर हवाई ईंधन भरने वाले विमान, एक ई-3 सेंट्री अवॉक्स विमान, दो एमसी-130जे कमांडो-2 विशेष अभियान विमान और एक एचएच-60डब्ल्यू जॉली ग्रीन-2 हेलीकॉप्टर भी बर्बाद हुआ है। ड्रोन्स की बात करें तो अमेरिका के 24 एमक्यू-9 (एमक्यू-9) रीपर ड्रोन और एक एमक्यू-4सी ट्राइटन ड्रोन को भी भारी नुकसान पहुंचा है। अधिकारियों का कहना है कि वर्गीकरण और युद्ध की जारी गतिविधियों के कारण तबाह हुए विमानों का यह आंकड़ा भविष्य में और भी बढ़ सकता है।

**जंग में फूंके 29 अरब डॉलर, अब भी मंडरा रहा युद्ध का सायाः** आपको बता दें कि कांग्रेसनल रिसर्च सर्विस (सीआरएस) मुख्य रूप से अमेरिकी कांग्रेस और उसकी समितियों को नीतिगत व कानूनी विश्लेषण प्रदान करने का काम करती है। संस्था ने यह सनसनीखेज रिपोर्ट अमेरिकी रक्षा विभाग और सेंट्रल कमांड (सेंटीकॉम) की रिपोर्ट और उनके आधिकारिक बयानों को कंपाइल करके तैयार की है। इससे पहले सामने आए आंकड़ों में भी यह बात निकलकर आई थी कि ईरान के खिलाफ छेड़ी गई इस जंग में अमेरिका अब तक अपने करीब 29 अरब डॉलर पानी की तरह बहा चुका है। इतने भारी-भरकम खर्च और 42 विमानों के नुकसान के बाद भी जिस तरह से धमकियों का दौर जारी है, उससे साफ है।




योजना की मुख्य विशेषताएँ

**पूर्ण ट्यूशन शुल्क छात्रवृत्ति**
सरकार हॉस्टल, मेस एवं अन्य शुल्कों को छोड़कर प्रति वर्ष अधिकतम ₹10 लाख तक की पूरी ट्यूशन फीस का भुगतान करती है।

**मासिक जीवनयापन भत्ता**
अपने पाठ्यक्रम की पूरी अवधि के दौरान रहने के खर्च, अध्ययन सामग्री और अन्य दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर महीने ₹4,000 प्राप्त करें।

**लाभार्थियों की कोई सीमा नहीं है**
सभी पात्र छात्रों को लाभ मिलता है; लाभार्थियों की संख्या पर कोई सीमा नहीं है।

**प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (DBT)**
ट्यूशन शुल्क सीधे शैक्षणिक संस्थान को दिया जाता है; जीवनयापन भत्ता छात्र के बैंक खाते में स्थानांतरित किया जाता है।

पात्रता मानदंड

- **अनाथ छात्रों के लिए**
  किशोर न्याय अधिनियम, 2015 के अनुसार परिभाषित; 10 वर्ष की आयु से पहले दोनों माता-पिता का निधन हो चुका हो
- **दिव्यांग छात्रों के लिए**
  दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अनुसार बेंचमार्क दिव्यांगता होनी अनिवार्य है। मान्य दिव्यांगता (UDID) कार्ड अनिवार्य है
- **आयु सीमा**
  आवेदक की आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए
- **एक योजना लाभ**
  किसी अन्य समान स्तर की छात्रवृत्ति या ट्यूशन शुल्क छूट योजना का वर्तमान लाभार्थी नहीं होना चाहिए
- **निवास संबंधी आवश्यकताएँ**
  झारखंड का स्थानीय निवासी हो या झारखंड के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में डिग्री एवं उससे ऊपर के लिए कक्षा 10वीं और 12वीं अथवा डिप्लोमा के लिए कक्षा 10वीं उत्तीर्ण की हो
- **संस्थान संबंधी आवश्यकताएँ**
  झारखंड के भीतर स्थित किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान में नामांकित हो, या समग्र श्रेणी में 200 रैंक के भीतर हो अथवा व्यक्तिगत श्रेणी में 100 रैंक के भीतर हो, या NAAC द्वारा A या उससे उच्च ग्रेड प्राप्त संस्थान, या राष्ट्रीय महत्व के संस्थान, या NIFT, NID, या होटल प्रबंधन, केन्द्रीय प्रौद्योगिकी एवं अनुप्रयुक्त पोषण संस्थान में अध्ययनरत हो

आवेदन कैसे करें

**चरण 1: ऑनलाइन आवेदन**
निर्धारित ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करें

**चरण 2: आवेदन का सत्यापन**
आवेदन का सत्यापन निम्नलिखित स्तरों के अनुसार किया जाएगा
स्तर 1: उच्च शिक्षा संस्थान: कक्षा 10वीं, 12वीं, पाठ्यक्रम विवरण, शुल्क विवरण, तथा संस्थान के बैंक विवरण जैसी मूल जानकारी का सत्यापन
स्तर 2: आवेदक की श्रेणी का सत्यापन: जिला विकास परियोजना अधिकारी द्वारा (अनाथों के लिए) तथा सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा द्वारा (PwBDs के लिए)
स्तर 3: जिला समाजिक कल्याण अधिकारी द्वारा सत्यापन
स्तर 4: JSHEC द्वारा अंतिम स्वीकृति के पश्चात भुगतान

**चरण 3: वार्षिक नवीनीकरण**
योजना के लाभ प्राप्त करने जारी रखने हेतु बीते वर्ष की अंकसूची तथा प्रवेश/अगली कक्षा में प्रवेश का प्रमाण अपलोड कर छात्रवृत्ति का नवीनीकरण करें

प्रश्न एवं शिकायतें: सभी आवेदकों के लिए ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत निवारण हेतु उपलब्ध है।
संपर्क जानकारी
ईमेल: nepthe.jharkhand@gmail.com
पता: ... नेपाल हाउस, डोरंडा रोड, झारखंड - 834002
अभी आवेदन करें

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड सरकार
PR No: 380246 (Higher Education,TechnicalEducation and Skill Development Department) 26-27

# घाघरा सड़क की बदहाली पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, सांसद-विधायकों पर उपेक्षा का आरोप



संवाददाता

**खूंटी :** खूंटी लोकसभा क्षेत्र और खूंटी-तोरपा विधानसभा को जोड़ने वाली घाघरा सड़क इन दिनों अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। सड़क की जर्जर स्थिति से घाघरा सहित आसपास के कई गांवों के लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से जनप्रतिनिधियों से शिकायत करने के बावजूद केवल आश्वासन मिला, समाधान नहीं।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यह समझना मुश्किल हो जाता है कि सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क। रोजमर्रा के कामों के साथ-साथ मरीजों, गर्भवती महिलाओं और दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने में भी भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस सड़क से प्रतिदिन बालू लदे भारी वाहन और ट्रैक्टर गुजरते हैं, जिससे सड़क लगातार और टूटती जा रही है। यह सड़क मुरहू, बिचना, तोरपा होते हुए सिमडेगा क्षेत्र को जोड़ती है। सावन महीने में बाबा आम्रेश्वर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए यही मुख्य मार्ग बनता है। साथ ही चाईबासा, मुरहू समेत कई इलाकों से आने-जाने वाले लोग इस सड़क का बाईपास मार्ग के रूप में उपयोग करते हैं।

ग्रामीणों में सबसे ज्यादा नाराजगी इस बात को लेकर है कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा का पैतृक गांव इसी सड़क से कुछ दूरी पर स्थित है और उनका लगातार इसी मार्ग से आना-जाना होता है। इसके बावजूद सड़क की हालत वर्षों से जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि कई बार सांसद को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक केवल आश्वासन ही मिला। वहीं यह सड़क खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र को भी जोड़ती है। एक ओर खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा और दूसरी ओर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि दोनों जनप्रतिनिधियों को सड़क की बदहाली की जानकारी है, लेकिन कोई ठोस पहल नहीं की गई। लोगों का कहना है कि शायद दोनों पक्ष इस इंतजार में हैं कि सड़क निर्माण की जिम्मेदारी कौन लेगा।

ग्रामीणों ने बताया कि हाल ही में खूंटी विधायक राम सूर्य मुंडा गांव पहुंचे थे। इस दौरान ग्रामीणों ने उन्हें सड़क की स्थिति दिखाई और अपनी परेशानियां बताईं, लेकिन इसके बाद भी कोई स्पष्ट आश्वासन या कार्रवाई देखने को नहीं मिली।

जानकारी के अनुसार इस सड़क का निर्माण लगभग 16 वर्ष पहले हुआ था। करीब 8 वर्ष पूर्व इसकी मरम्मत कराई गई थी, लेकिन उसके बाद सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं रहा। अब सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है और ग्रामीण खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि सरकार भी उनकी है, विधायक भी उन्हीं के हैं और सांसद भी उसी दल से जुड़े हैं, फिर भी क्षेत्र की जनता बदहाल सड़क पर चलने को मजबूर है। लोगों में इस बात को लेकर खासा रोष है कि जब सांसद अपने गांव तक जाने वाली सड़क को दुरुस्त नहीं करा पा रहे हैं, तो क्षेत्र के व्यापक विकास के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन से जल्द सड़क निर्माण एवं मरम्मत कराने की मांग की है ताकि लोगों को राहत मिल सके और क्षेत्र का संपर्क सुगम हो सके।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पेट्रोल की समस्या को लेकर नेता गंभीर नहीं

**मुरी :** सिल्ली मुरी में रोजाना पैट्रोल की समस्या से आम जनता परेशान है। गत दिन सिल्ली में दो गैलन पेट्रोल में एक गैलन पेट्रोल गायब कर दिया वह आदमी पकडाने के बाद बहुत आसानी से बोला क्या करे पेट्रोल मिल नहीं रहा है मजबूरी है। सिल्ली मुरी में दो तीन किमी पर एक पेट्रोल पम्प है। कभी कभी चारों पेट्रोल पम्प ड्राइ रहता है। कभी एक पेट्रोल पम्प खुला भी तो लम्बी भीड़ रहती है। वावजूद पेट्रोल पम्प वाले चोरी चुपके गैलन वालों को पेट्रोल दे रहे हैं वही एकाध लीटर बोतल में तेल लेने जाने वाले ग्राहक को बतमीजी करते हुए तेल नहीं दिया जाता है। जब कि उपाक्युत ने साफ बताया है कि आसानी से तेल जरूरत भर मिलेगा। हमारे यहाँ सभी नेता विधायक, सांसद, पंचायत प्रतिनिधि हैं पर वे सभी अपने हित की राजनीति करते हैं। जनता की समस्या को लेकर कोई गंभीर नहीं है।

### सोनी वर्धन बने चतरा के नए एसडीपीओ

**चतरा :** झारखंड सरकार ने चतरा अनुमंडल के तेजतर्रार एसडीपीओ संदीप सुमन का तबादला कर दिया है। उन्हें पलामू के लेस्लीगंज में आईआरबी 10 में पदस्थापित किया गया है। मूलरूप से कोडरमा जिले के रहनेवाले चतरा के नए एसडीपीओ सोनी वर्धन झारखंड पुलिस में एक लोकप्रिय डिप्टी सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने 7वीं जेपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की थी और वे सोशल मीडिया पर भी काफी सक्रिय रहते हैं।

### खूंटी मेन रोड पर बिजली पोल में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला



**खूंटी:** शहर के मेन रोड स्थित गीत संगीत दुकान के सामने लगे एक बिजली पोल में आज दोपहर अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पोल पर लगा तार, कनेक्शन बॉक्स और अन्य उपकरण धू-धू कर जलने लगे। आग इतनी तेजी से फैली कि आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि समय रहते बिजली काट दिए जाने से एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने का कारण ओवरलोड या बढ़ती गर्मी माना जा रहा है। आग लगते ही दुकान संचालक ने सूझबूझ दिखाते हुए तुरंत बिजली विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही विभाग ने तत्काल इलाके की बिजली सप्लाई बंद कर दी, जिससे आग फैलने और किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना को रोका जा सका।

इधर स्थानीय लोगों द्वारा अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे अग्निशमन दस्ते ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक बिजली पोल पर लगा कनेक्शन बॉक्स, तार और अन्य सामान पूरी तरह जलकर राख हो चुका था। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुछ दिन पहले गया मुंडा कॉम्प्लेक्स के बाहर लगे बिजली बॉक्स में भी इसी तरह आग लगने की घटना हुई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में बिजली व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। लोगों ने बिजली विभाग से पुराने और ओवरलोड उपकरणों की जांच कर आवश्यक मरम्मत कराने की मांग की है।

### आम लदा पिकअप पलटा



**चतरा :** जिले के संघरी घाटी में बुधवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। आम से लदा एक पिकअप वाहन अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। घटना में चालक को मामूली चोटें आईं, लेकिन उसकी जान बाल-बाल बच गई। हादसे के बाद कुछ देर के लिए गया- चतरा मुख्य सड़क मार्ग पर अफरातफरी मच गई और यातायात बाधित हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घाटी के मोड़ पर सामने से आ रहे एक ट्रैक्टर ने अचानक कट मार दिया, जिससे पिकअप चालक संतुलन खो बैठा। तेज ढलान और तीखे मोड़ के कारण वाहन सड़क पर ही पलट गया। गनीमत रही कि उस समय सड़क पर अन्य भारी वाहन नहीं थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना के एसआई प्रवीण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे हटवाया और जाम को खुलवाकर यातायात पुनः सुचारू कराया। लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद सड़क पर आवागमन सामान्य हो सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि संघरी घाटी में आए दिन तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रशासन से मांग की गई है कि घाटी क्षेत्र में यातायात नियंत्रण के लिए सख्त निगरानी और चेतावनी संकेत लगाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

### चतरा में गर्मी का कहर, पारा 42 डिग्री



**चतरा:** जिले में भीषण गर्मी का कहर जारी है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया है। गर्मी के कारण जनजीवन बेहाल हो गया है। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग बीमार पड़ने लगे हैं। सदर अस्पताल में उल्टी-दस्त और बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अस्पताल में सबसे अधिक बच्चे और बुजुर्ग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। गर्मी के अभिभवको ने बच्चों को स्कूल भी भेजना बंद कर दिया है। इनका कहना है कि गर्मी कम होने पर ही बच्चे स्कुल जायेंगें। चिकित्सकों के अनुसार तेज गर्मी और शरीर में पानी की कमी के कारण लोग तेजी से बीमार हो रहे हैं। कई मरीजों को अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है, जबकि कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेजा गया। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर के समय घर से बाहर नहीं निकलने, अधिक से अधिक पानी पीने, ओआरएस और तरल पदार्थ का सेवन करने की सलाह दी है। साथ ही बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। भीषण गर्मी के कारण बाजारों और सड़कों पर भी सन्नाटा देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना जताई है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है।

## तमाड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

# ट्रैक्टर बेचकर फिर खुद ही चुरा लेता था आरोपी, पुलिस ने किया खुलासा



संवाददाता

**तमाड़ :** पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के एक बेहद शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर ऐसा खुलासा किया है, जिसने सभी को हैरान कर दिया। आरोपी न सिर्फ ट्रैक्टर चोरी करता था, बल्कि बेचने के बाद उसे दोबारा चोरी कर लेने जैसी चालाक वारदातों को भी अंजाम देता था।

तमाड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी के दो सोनालिका ट्रैक्टर बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विजयगिरी निवासी 26 वर्षीय निकेश कुमार महतो के रूप में हुई है।

मामले की शुरूआत 16 मई 2026 को हुई, जब अराहांगा गांव निवासी सुखराम मुंडा का सोनालिका ट्रैक्टर चोरी हो गया। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने तकनीकी जांच, मोबाइल लोकेशन और गुप्त सूचना के आधार पर जांच शुरू की। जांच के दौरान पता चला कि चोरी किया गया ट्रैक्टर बाबूरामडीह गांव में छिपाकर रखा गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने छापेमारी कर ट्रैक्टर बरामद कर लिया और आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने कई पुराने मामलों का भी खुलासा किया।

पुलिस के अनुसार, आरोपी ने दिसंबर 2025 में भी विजयगिरी गांव से एक सोनालिका ट्रैक्टर चोरी कर करीब साढ़े चार लाख रुपये में बेच दिया था। उस ट्रैक्टर को भी बाद में अड़की थाना क्षेत्र के सिंदरी गांव से बरामद किया गया। सबसे चौंकाने वाला खुलासा मार्च 2026 की घटना में हुआ। आरोपी ने अपना ही ट्रैक्टर चांडिल के नीमडीह क्षेत्र के एक व्यक्ति को बेचा था। कुछ दिनों बाद उसने खरीदार के घर के बाहर से वही ट्रैक्टर दोबारा चोरी कर लिया और फिर उसे तमाड़ क्षेत्र के लुंगटू गांव में बेच दिया। हैरानी की बात तब सामने आई जब ट्रैक्टर चोरी की शिकायत लेकर खरीदार थाना पहुंचा। ट्रैक्टर का नाम ट्रांसफर नहीं होने के कारण पुलिस ने असली मालिक को बुलाने को कहा। आरोपी खुद खरीदार के साथ थाना पहुंच गया और चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराने में भी शामिल रहा, ताकि किसी को उस पर शक न हो। तमाड़ पुलिस अब आरोपी से जुड़े अन्य चोरी के मामलों की भी जांच कर रही है।

# बिरदा उच्च विद्यालय में एक्स-ट्रेनी मीट सह प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम




संवाददाता

**खूंटी :** जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) विकास भारती, खूंटी के तत्वावधान में 19 मई 2026 को राजकृत उत्क्रमित +2 उच्च विद्यालय, बिरदा परिसर में एक्स-ट्रेनी मीट सह प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 60 से अधिक पूर्व प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधानाचार्य नागेंद्र कुमार तिवारी रहे। अपने संबोधन में उन्होंने जन शिक्षण संस्थान द्वारा संचालित कौशल विकास प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को सीखे गए हुनर का उपयोग कर स्वरोजगार और रोजगार के अवसर विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जेएसएस के प्रोग्राम ऑफिसर सुब्रत सेन प्रधान ने संस्थान के उद्देश्यों और कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने युवाओं को बाजार की मांग के अनुसार स्वयं को तैयार करने तथा स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के व्यावहारिक सुझाव दिए। वहीं असिस्टेंट प्रोग्राम ऑफिसर कुमार शशि प्रकाश ने प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि मुद्रा लोन, उद्यम कार्ड एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी योजनाओं के माध्यम से युवा आसानी से आर्थिक सहायता प्राप्त कर अपना व्यवसाय शुरू कर सकते हैं। उन्होंने योजनाओं में आवेदन की प्रक्रिया भी विस्तार से समझाई। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण पूर्ण कर चुके युवाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्यूटी केयर असिस्टेंट की प्रशिक्षिका अनामिका कुमारी तथा रिटेल कैशियर के प्रशिक्षक रोहित कुमार पंडित का सराहनीय योगदान रहा।

# कर्रा के पदमपुर में लाइनमैन को गोली मारने की घटना में नया मोड़, युवक ने फोन कर ली जिम्मेदारी

**खूंटीः** जिले के कर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत पदमपुर गांव में बिजली विभाग के लाइनमैन हेरमन हेरेंज को गोली मारने की घटना में अब नया मोड़ सामने आया है। सोमवार देर शाम हुई इस वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। गंभीर रूप से घायल हेरमन हेरेंज का इलाज नगड़ी अस्पताल में चल रहा है, जहां उनकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

इसी बीच मंगलवार को एक युवक ने मेट्रो रेज के पत्रकार को फोन कर इस घटना की जिम्मेदारी लेने का दावा किया। फोन करने वाले युवक ने अपना नाम रवि तिरु बताया और कहा कि वह सोलंकी के प्रेम नगर का रहने वाला है। युवक ने दावा किया कि उसने ही हेरमन हेरेंज को गोली मारी है। रवि तिरु के अनुसार, वर्ष 2021 में उसने हेरमन हेरेंज को करीब ढाई लाख रुपये उधार दिए थे। आरोप है कि कई बार पैसे मांगने के बावजूद हेरमन पैसे वापस नहीं कर रहा था। युवक ने यह भी आरोप लगाया कि पैसे मांगने पर हेरमन और उसके लोगों द्वारा उसके साथ मारपीट भी की गई थी। फोन पर युवक ने कहा कि इन सभी बातों से परेशान होकर उसने सोमवार को हेरमन हेरेंज को गोली मार दी।

### डीसी चतरा के नाम पर सोशल मीडिया में फर्जीवाड़ा

**चतराः** उपायुक्त रवि आनंद के नाम से सोशल मीडिया में फजीर्वाड़ा का मामला सामने आया है।जिला प्रशासन की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर बताया गया है कि जिला प्रशासन के संज्ञान में मामला आया है कि कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उपायुक्त रवि आनंद के नाम एवं फोटो का दुरुपयोग कर फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट के माध्यम से लोगों को संदेश भेजे जा रहे हैं।जिला प्रशासन स्पष्ट करता है कि ऐसे किसी भी व्हाट्सएप नंबर अथवा संदेश का उपायुक्त, चतरा या जिला प्रशासन से कोई संबंध नहीं है। यह पूर्णतः फर्जी एवं भ्रामक गतिविधि है।सभी पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमजनों से अपील की जाती है कि ऐसे किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश अथवा सोशल मीडिया संचार का जवाब न दें तथा किसी प्रकार की व्यक्तिगत अथवा वित्तीय जानकारी साझा नहीं करें।जिला प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## खूंटी में उपायुक्त का निरीक्षण अभियान

# स्कूल-स्वास्थ्य केंद्र और पंचायत सचिवालय की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



संवाददाता

**खूंटीः** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया ने बुधवार को खूंटी प्रखंड अंतर्गत विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण कर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पंचायत स्तर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण की शुरूआत कालामाटी स्थित पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से हुई। उपायुक्त ने विद्यालय में पठन-पाठन व्यवस्था, कक्षाओं, प्रधानाध्यापक कक्ष, लिपिक कक्ष, किचन तथा मेनू के अनुसार भोजन व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में कार्यरत कुक की संख्या एवं छात्राओं को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता की जानकारी ली। उपायुक्त ने छात्राओं, विशेषकर कक्षा 12वीं की छात्राओं से बातचीत कर पढ़ाई एवं विद्यालय की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति एवं बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने हेतु बच्चों को प्रेरित करने का निर्देश दिया। साथ ही अतिरिक्त शिक्षकों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

इसके बाद उपायुक्त ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मारंगहादा का निरीक्षण किया। उन्होंने महिला वार्ड, पुरुष ओपीडी, मलेरिया वार्ड, फाइलेरिया क्लिनिक, आयुष ओपीडी, लैब, शल्य कक्ष, दवा स्टॉक एवं उपलब्ध मशीनों का जायजा लिया।

उपायुक्त ने एमओआईसी को उपलब्ध संसाधनों एवं मशीनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि मरीजों को इलाज में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आयुष आरोग्य मंदिर के बेहतर संचालन, मरीजों की नियमित मॉनिटरिंग एवं अस्पताल में होने वाली सर्जरी की जानकारी भी ली। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों, नर्सों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को सक्रिय भूमिका निभाने, रोस्टर के अनुसार उपस्थित रहने तथा बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही ममता वाहन एवं 108 एम्बुलेंस की उपलब्धता हर समय सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि मरीजों को समय पर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इसके पश्चात उपायुक्त ने पंचायत सचिवालय मारंगहादा का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत सचिवालय के बेहतर संचालन, मुखिया कक्ष की व्यवस्था, ज्ञान केंद्र को सुदृढ़ बनाने एवं इंटरनेट सुविधा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही ज्ञान केंद्र में आवश्यक पुस्तकों की उपलब्धता एवं बच्चों के लिए बेहतर अध्ययन वातावरण तैयार करने पर जोर दिया।

उपायुक्त ने पंचायत मेंटेनेंस फंड के सदुपयोग, पंचायत भवन में संचालित प्रज्ञा केंद्र की कार्यप्रणाली तथा आधार कार्ड एवं विभिन्न प्रमाण पत्र निर्माण कार्यों की समीक्षा की। संबंधित कर्मियों को ससमय आवेदन जेनरेट करने एवं सभी कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पंचायत दिवस के बेहतर आयोजन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही स्वास्थ्य सहियाओं से भी मुलाकात कर उन्हें गंभीरता एवं लगन के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# फायरिंग मामले का आरोपी सोनू यादव गिरफ्तार

मेट्रो रेज

**रांची :** पंडरा थाना अंतर्गत तेल मील गली में बीते 19 जनवरी 2026 को आकाश सिंह और विकास सिंह पर हुए फायरिंग मामले में रांची पुलिस ने सोनू यादव को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में सोनू यादव ही दोनों पर गोली चलाने वाला शख्स था। एसएसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना पर रांची पुलिस की टीम ने पटना में बिहटा से पकड़ा है। गिरफ्तार सोनू यादव देवी मंडप रोड का रहने वाला है। रांची पुलिस की टीम अपराधी सोनू यादव को पटना से रांची लेकर आई है। उससे गुप्त स्थान पर रखकर पूछताछ की जा रही है। हालांकि, इस मामले में रांची पुलिस जल्द प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी पत्रकारों से साझा करेगी।

कमल भूषण हत्याकांड में सोनू यादव ने किया था रेकीः राजधानी के चर्चित जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड में रांची पुलिस ने कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इस मामले में गोली मारने से पूर्व अपराधी सोनू यादव ने ही कमल भूषण की रेकी किया था। रांची पुलिस की पूछताछ में सोनू यादव ने अपनी संलिप्ता स्वीकार किया था। इसके अलावा पूरी प्लानिंग कैसे बनी थी, इनके बारे में रांची पुलिस को बताया था।

वहीं, कमल भूषण ( मृतक ) के अकाउंटेंट संजय हत्याकांड में भी सोनू यादव ने रेकी किया था। उस वक़्त भी रांची पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

# झारखंड में एक साथ 201 डीएसपी की ट्रांसफर-पोस्टिंग, रांची में भी बदले गये कई अधिकारी

## पहली बार इतने बड़े पैमाने पर तबादला, कई अधिकारियों को मिली नई पोस्टिंग

मेट्रो रेज



**रांचीः** गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग से एक बड़ी खबर सामने आई है। झारखंड पुलिस मे अबतक का सबसे बड़ा फेरबदल किया गया है। राज्य सरकार ने एक साथ 201 डीएसपी का तबादला किया है। सरकार के इस निर्णय के बाद पुलिस महकमे मे हलचल तेज है। बुधवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य के 201 डीएसपी का तबादला कर उन्हें नए स्थानों पर पदस्थापित किया गया है. इस फेरबदल में कई जिलों के एसडीपीओ ,ट्रैफिक डीएसपी, साइबर डीएसपी के साथ-साथ हाल ही में पुलिस डीएसपी संवर्ग में प्रोन्नत हुए अधिकारियों को भी नई जिम्मेदारियां सौंपी गई है. विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिन अधिकारियों के स्थान पर किसी अन्य का पदस्थापन हो गया है और उन्हें फिलहाल कोई नई पोस्टिंग नहीं मिली है, वे सीधे पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड में अपना योगदान देंगे.

जाने कौन कहां गएः

**नीरज कुमारः** हटिया डीएसपी

**दीपक कुमारः** बेड़ो डीएसपी

**मनीष चंद्र लालः** सिल्ली डीएसपी

**अजय आर्यनः** मुख्यालय-2 (रांची)

**प्रकाश सोयः** विधि व्यवस्था, धनबाद

**राजीव रंजनः** सिटी डीएसपी, बोकारो

**अजय प्रसादः** ट्रैफिक डीएसपी, बोकारो

**रामाकान्त रजकः** ट्रैफिक-1, रांची

**ताराश सोरेन-** यातायात-2, रांची

**प्रदीप कुमार-** डीएसपी, साईबर, राँची

**कुमार विनोद** -(मु0-1), धनबाद

**प्रदीप कुमार साव-** डीएसपी सीसीआर, धनबाद

**नाजीर अख्तर-** डीएसपी (मु0-2), धनबाद

**रोहित कुमार साव-** डीएसपी, यातायात, धनबाद

**अजित कुमार विमल-** एसडीपीओ, बाघमारा

**लिलेश्वर महतो-** एसडीपीओ, निरसा

**प्रकाश चन्द्र महतो-** एसडीपीओ,, सिन्दरी

**पवन कुमार -** डीएसपी (मु०), बोकारो

**राजीव रंजन-** डीएसपी, नगर, बोकारो

**अजय प्रसाद -** डीएसपी, यातायात, बोकारो

**राम प्रवेश कुमार-** सीसीआर, बोकारो

**रविन्द्र कुमार सिंह-** एसडीपीओ, बेरमो

**दयानन्द कुमार-** डीएसपी, पटमदा

**संजीव कुमार -**डीएसपी, नगर, जमशेदपुर

**मनोज कुमार -** डीएसपी (मु0-2), जमशेदपुर

**सुमित कुमार -**डीएसपी, विधि-व्यवस्था, जमशेदपुर

**विकास आनन्द लागुरी -** एसडीपीओ, घाटशिला

**अनुभव भारद्वाज -** एसडीपीओ, सरायकेला

**दुसरू बानसिंह -** डीएसपी (मु०), सरायकेला

**शिव प्रकाश कुमार -** एसडीपीओ, चाण्डिल

**अमित कुमार -** एएसपी अभियान, हजारीबाग

**रूपक कुमार सिंह -** एसडीपीओ, सदर, हजारीबाग

**अरमानुल हक -** सीसीआर, हजारीबाग

**ज्ञान रंजन -** (मु0-2), हजारीबाग

## रांची पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# 6 मार्च से लापता पंकज रविदास गाजियाबाद से बरामद

मेट्रो रेज




**रांचीः** रांची के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र से 6 मार्च से लापता नाबालिग पंकज रविदास को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। बच्चे को उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित पुलिस चौकी कस्बा, कोतवाली लोनी क्षेत्र से बरामद किया गया।

जानकारी के अनुसार, नाबालिग के लापता होने के बाद रांची पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। रांची एसएसपी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर विभिन्न राज्यों में बच्चे की खोजबीन की जा रही थी। तकनीकी अनुसंधान और लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को आखिरकार सफलता मिली और बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है तथा बच्चे को उसके परिजनों को सौंपने की तैयारी की जा रही है। बच्चे की सकुशल बरामदगी के बाद परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली है और रांची पुलिस के प्रयासों की सराहना की है।

रांची पुलिस ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह संवेदनशील है और इस प्रकार के मामलों में त्वरित कार्रवाई लगातार जारी रहेगा ।

# होटवार जेल प्रकरण पर बढ़ा जनाक्रोश कई सामाजिक संगठनों ने उठाए सवाल




गुलाम शाहिद

**रांचीः** रांची के होटवार जेल में एक महिला कैदी के गर्भवती होने की घटना ने पूरे झारखंड में प्रशासनिक व्यवस्था, जेल सुरक्षा और सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है और अब यह मामला जनचर्चा का विषय बन गया है। कई सामाजिक संगठनों सहित सामाजिक कार्यकर्ता शाहिद अय्यूबी ने भी इस पूरे मामले पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि जेल जैसी अत्यंत सुरक्षित मानी जाने वाली जगह पर इस तरह की घटना होना सुरक्षा व्यवस्था की बड़ी विफलता को दशार्ता है। उन्होंने पूछा कि आखिर जेल परिसर के भीतर ऐसी स्थिति कैसे उत्पन्न हुई और इसकी जिम्मेदारी किसकी है? एक्टिविस्ट नदीम खान का कहना है कि यदि जेल प्रशासन की निगरानी मजबूत होती तो ऐसी घटना संभव नहीं होती। लोगों ने आरोप लगाया कि सुरक्षा व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है, जबकि जमीनी स्तर पर गंभीर लापरवाही दिखाई दे रही है। एक्टिविस्ट नदीम खान और शाहिद अय्यूबी ने सरकार से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जाए तथा दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि जेलें सुधार गृह होती हैं, लेकिन इस प्रकार की घटनाएं व्यवस्था पर लोगों का भरोसा कमजोर करती हैं। जनता और सामाजिक संगठनों ने राज्य सरकार एवं प्रशासन से अपील की है कि पूरे मामले में पारदर्शिता बरती जाए और जल्द से जल्द सच्चाई जनता के सामने लाई जाए, ताकि न्याय व्यवस्था और शासन पर लोगों का विश्वास बना रहे।

# टैलेंट की शुरूआत डांस झारखंड में समर कैंप के साथ

मेट्रो रेज




रांचीः रातू रोड स्थित डांस झारखंड में समर कैंप का भाव आगाज के साथ डांस फिटनेस एवं रांची और विभिन्न क्षेत्र के बच्चे पार्टिसिपेट किया वही सैकड़ो की संख्या में बच्चों ने अपना कल दिखाएं साथ-साथ उन बच्चों को भी मौका मिला जो बच्चे आशाएं और टैलेंटेड है समर कैंप की शुरूआत मुन्ना भाई एमबीबीएस कुकड़ू कु बम बम भोले एवं झारखंड के लोकगीत में शिक्षकों ने बच्चों को जमा कर रख दिया और इस शुरूआत के साथ आने वाले दिन में संगीत योग नाटक गीत संगीत आर्ट एंड क्राफ्ट थिएटर जैसे अनेक ट्रेनिंग दी जाएंगे। इस कैंप से जुड़ने के लिए संपर्क सूत्र है 6203253874,8271646935

वहीं बच्चों की फिटनेस को देखते हुए उन्हें खाने में भी डाइट दिया गया साथ ही साथ आने वाले दिन में नृत्य की प्रतियोगिता कराई जाएंगे .जहां बच्चों को प्रथम द्वितीय तृतीय में पुरस्कृत किए जाएंगे .इसकी जानकारी समिति के संचालक रामकुमार ने दिया।

# राजीव रंजन मिश्रा को साजिश के तहत फंसाया जा रहा हैः गुलाम मुस्तफा



**रांची :** मॉनिटर लिजर्ड (गोह) की कथित अवैध तस्करी मामले में रामनवमी महावीर मंडल के अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा उर्फ चुन्नू भैया को साजिश के तहत फंसाए जाने की आशंका जताई गई है। भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि उन्हें विश्वास नहीं है कि राजीव रंजन मिश्रा ऐसा कार्य कर सकते हैं।

उन्होंने वन विभाग और रांची पुलिस से मामले की निष्पक्ष एवं गहन जांच करने की मांग की। साथ ही कहा कि जो भी वास्तविक दोषी हो, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। गुलाम मुस्तफा ने कहा कि राजीव रंजन मिश्रा की समाज में अच्छी छवि रही है और सभी समुदायों के बीच उनका सम्मान है, इसलिए पूरे मामले की गंभीरता से जांच जरूरी।

# डोरंडा मिल्लत पंचायत ने मंत्री को सौंपीं मांगें सामुदायिक भवन के विकास पर हुई चर्चा

गुलाम शाहिद



**रांचीः** आज धुर्वा स्मार्ट सिटी आवास में झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदीप कुमार सोनू से डोरंडा मिल्लत पंचायत के एक प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष अरशद कुरैशी के नेतृत्व में शिष्टाचार मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-49 स्थित पोखरटोली रोड, मनिटोला, डोरंडा स्थित सामुदायिक भवन से संबंधित विभिन्न समस्याओं, विकास कार्यों एवं आवश्यक सुविधाओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को मंत्री महोदय के समक्ष रखते हुए सामुदायिक भवन के समुचित विकास एवं मूलभूत सुविधाओं की मांग की।

नगर विकास मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा आवश्यक कार्रवाई एवं सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डोरंडा मिल्लत पंचायत के संरक्षक मो. मोइन, सचिव आतिफ अंसारी (सोनू), रोहित उरांव, मोहम्मद काशिफ, अब्दुल सगीर, मोहम्मद अंजार, विष्णु गाड़ी, नसीम अख्तर (लाल), मोहम्मद मुबाशिर सहित कई गणमान्य लोग एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने रांची यातायात पुलिस के बीच बांटी इन्सुलेटेड पानी की बोतलें



**रांचीः** गर्मी की भीषण गर्मी में काम कर रहे यातायात कर्मियों के प्रति आभार और समर्थन व्यक्त करते हुए, झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ ने बुधवार को रांची के प्रमुख चौराहों पर तैनात यातायात पुलिस अधिकारियों को 150 से अधिक इन्सुलेटेड पानी की बोतल वितरित कीं। वितरण अभियान फिरयालाल चौक, शहीद चौक, कचहरी चौक, जेल चौक, लालपुर चौक और प्लाजा चौक सहित शहर के प्रमुख चौराहों पर चलाया गया। इस पहल के तहत, संगठन ने फिरयालाल चौक पर एक मिट्टी का घड़ा भी स्थापित किया ताकि गर्मी के मौसम में यातायात पुलिस कर्मियों के साथ-साथ आम जनता को भी ठंडा पीने का पानी उपलब्ध हो सके।

संगठन के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद साहू ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य भीषण गर्मी में ड्यूटी के दौरान यातायात पुलिस कर्मियों को हाइड्रेटेड रहने में मदद करना है। बढ़ते तापमान के बावजूद यातायात अधिकारी अक्सर लंबे समय तक भीड़भाड़ को नियंत्रित करने और वाहनों की सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने में लगे रहते हैं। संघ के प्रतिनिधियों ने यातायात पुलिस के समर्पण और परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सामाजिक पहल नागरिकों और लोक सेवकों के बीच संबंधों को मजबूत करती है। यातायात पुलिस अधिकारियों ने इस सराहनीय पहल के लिए आभार व्यक्त किया और जन कल्याण एवं सामुदायिक सहयोग के लिए संगठन के प्रयासों की प्रशंसा की। स्थानीय निवासियों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए इसे शहर की सेवा में प्रतिदिन जुटे अग्रिम पंक्ति के कर्मियों के प्रयासों को मान्यता देने की दिशा में एक सार्थक योगदान बताया। इस नेक कार्य के दौरान समिति के आयोजक श्री उदय साहू सहित संगठन के अन्य सदस्य कुणाल शाह, उपेंद्र कुमार, कुलेश्वर साहू, मिथिलेश साहू, विद्याधर प्रसाद, अरुणदेव कुमार, निशांत गुप्ता, बीरेंद्र साहू, रमन साहू, सुमन साहू, रूपेश साहू, संजय कुमार, आकाश अंकुर मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों व लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन

मेट्रो रेज



**रांचीः** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के स्थायी आमंत्रित सदस्य एवं झारखंड प्रभारी के. राजू के निर्देश पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह प्रोफेशनल्स कांग्रेस प्रभारी आदित्य विक्रम जयसवाल के नेतृत्व में आज पूर्वाह्न 10:00 बजे लोकभवन के समीप नागा बाबा खटाल धरना स्थल पर केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों एवं लगातार बढ़ती महंगाई के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

धरना कार्यक्रम में सोना कारोबार एवं उससे जुड़े लगभग तीन करोड़ लोगों के रोजगार पर मंडरा रहे संकट, गैस, पेट्रोल एवं डीजल की बढ़ती कीमतों, बच्चों के दूध, ब्रेड तथा दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुओं के लगातार बढ़ते दामों के खिलाफ कांग्रेसजनों ने चिलचिलाती गर्मी में जोरदार प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप,तथा विशिष्ट रुप से प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक कुमार दूबे,राजीव रंजन प्रसाद,लाल किशोर नाथ शाहदेव,अजय नाथ शाहदेव,डॉ राजेश गुप्ता,शशि भूषण राय,डॉ कुमार राजा रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव लाल किशोर नाथ शाहदेव ने किया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि देश में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य सामग्रियों की लगातार बढ़ती कीमतों के खिलाफ जनता की आवाज बुलंद करने के लिए कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरने को मजबूर हुई है। उन्होंने कहा कि महंगाई से आम जनता की कमर टूट चुकी है। पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ने से सब्जी, अनाज, दवा, किराया एवं खेती-किसानी का खर्च असहनीय हो गया है। रसोई गैस सिलेंडर गरीब एवं मध्यम वर्ग की पहुंच से बाहर होता जा रहा है। आज एक आम परिवार के लिए दो वक्त की रोटी जुटाना भी कठिन हो गया है।

कांग्रेस विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप ने कहा कि चुनाव के समय अच्छे दिनों का सपना दिखाने वाली केंद्र सरकार आज जनता को महंगाई के बोझ तले दबा रही है। किसान परेशान है, मजदूर परेशान है, युवा बेरोजगार हैं और गृहिणियां रसोई चलाने में असमर्थ हो रही हैं।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रोफेशनल्स कांग्रेस प्रभारी आदित्य विक्रम जयसवाल ने धरना स्थल पर उपस्थित सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोना और चांदी भारतीय परिवारों की सुरक्षा एवं परंपरा का प्रतीक माना जाता है, लेकिन आज महंगाई इतनी बढ़ गई है कि आम आदमी के लिए घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि जब तक केंद्र सरकार महंगाई पर नियंत्रण नहीं करती, तब तक एक वर्ष तक सोना-चांदी की खरीदारी नहीं करने का संकल्प लिया गया है। यह जनता का शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक विरोध है।

## बजरंगदल ने किया नवनियुक्त थाना प्रभारी का स्वागत व सम्मान

**खलारीः**बजरंगदल जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा एवं खलारी प्रखंड टोली के तत्वावधान मे नवनियुक्त खलारी थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा को भगवा अंग वस्त्र एवं राम दरबार भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर बजरंगदल के पदाधिकारियों ने कहा कि थाना प्रभारी वर्मा के कार्यकाल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ होगी और आमजन को न्याय मिलेगा, ऐसी हम सभी को आशा है। बजरंगदल समाज में समरसता एवं सुरक्षा के लिए प्रशासन के साथ सदैव सहयोग हेतु तत्पर रहेगा थाना प्रभारी राम कुमार वर्मा ने बजरंगदल का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि खलारी में शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी इस सम्मान समारोह में बजरंगदल के कार्यकर्ता एवं प्रखंड संयोजक अमित लोहरा, पूर्व जिला प्रमुख दीपक वर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष नितेश तिवारी,दीपक लोहार, प्रखंड सम्पर्क प्रमुख दीपक तुरी,व्यवस्था प्रमुख पृथ्वी उरांव सक्रिय कार्यकर्त्ता सत्यम कुमार, मुकेश कुमार व अन्य उपस्थित थे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय,राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम-अदीती पाण्डेय, उम्र-01 वर्ष 09 माह, ऊँचाई-2 फीट 3 ईंच, रंग-गोरा, पहनावा-गुलाबी रंग का पैंट एवं टी शर्ट पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता बच्ची अदीती पाण्डेय, उम्र-01 वर्ष 08 माह, पिता-मनीष कुमार पाण्डेय, सा0-सायन नगर बप्पी टेन्ट हाउस के समीप खोरहटोली, थाना-सदर, जिला-राँची जो दिनांक-09.05.2026 को घर के पास से लापता है। जिसके संबंध में सदर थाना काण्ड संख्या-214/2026, दिनांक-09.05.2026 धारा-140(3)/137(2) बी0एन0एस0 दर्ज कर इनकी खोजबीन की जा रही है। उपरोक्त सूचना को सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता लड़की कही मिलती/दिखती है तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**Email ID(rnc-dcb@jhpolice.gov.in)**

पुलिस उपाधीक्षक, सदर, राँची। - 9431102090

थाना प्रभारी, सदर, राँची। - 9431706160

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 380192 Police(26-27).D

## सूक्ति

**सबसे प्रेम करो, कुछ पर विश्वास करो
अन्याय किसी के साथ मत करो : शेक्सपियर**

## शिकंजा कसना होगा मौत बांटने वाले खिलाड़ियों पर

नीट-यूजी में हुई धांधलियों से उपजे आक्रोश के बीच मध्य प्रदेश और राजस्थान के चिकित्सा तंत्र से हैरतअंगेज सच भी सामने आए हैं। मप्र के दमोह और जबलपुर के सरकारी अस्पतालों में फर्जी डॉक्टरों की नियुक्तियां हो गईं। वहीं, मार्च में ही खुलासा हुआ था कि राजस्थान मेडिकल काउंसिल में ऐसे लोगों का डॉक्टर के रूप में फर्जी रजिस्ट्रेशन कर दिया गया, जिन्होंने न तो कभी मेडिकल की पढ़ाई की और न ही कभी इंटर्नशिप की। यह कोरा भ्रष्टाचार ही नहीं, बल्कि व्यवस्था की शह पर खेला जा रहा मरीजों की जान लेने वाला खेल है। बिना योग्यता के डॉक्टरों का तैनात हो जाना और काउंसिल द्वारा बिना पढ़ाई-इंटर्नशिप के रजिस्ट्रेशन जारी कर देना देश के स्वास्थ्य ढांचे पर गहरी चोट के संकेत हैं। डॉक्टर बनने की अंधी चाह में शॉर्टकट तलाशने वाले ये अपराधी जब मरीजों की जिंदगी को अपनी प्रयोगशाला बना लें, तो राष्ट्रीय सुरक्षा जितनी चिंता होना स्वाभाविक है। आज नीट को पारदर्शी बनाने की जितनी जरूरत है, उससे कहीं बड़ी चुनौती व्यवस्था में घुस चुके इन फर्जी चिकित्सकों को बाहर निकालने की है। इस घोटाले में राज्य मेडिकल काउंसिल और नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जॉमिनेशन जैसी संस्थाओं की भूमिका पर गहरे सवाल हैं। आखिर कोई भी जालसाज बिना विभागीय मिलीभगत के इतना बड़ा फजीर्वाड़ा कैसे कर सकता है? क्या ये शीर्ष संस्थाएं केवल कागजी पंजीयन बांटने के लिए बनी हैं? इन उदाहरणों से साफ है कि सत्यापन की पूरी प्रक्रिया महज औपचारिकता बनकर रह गई है। विकसित देशों में ऐसे चिकित्सा अपराधियों के लिए कोई ढील नहीं है। वहां इसे अक्षम्य और संगीन अपराध माना जाता है। ऐसे जालसाजों को आजीवन ब्लैकलिस्ट कर सलाखों के पीछे डाल दिया जाता है। इसके विपरीत, भारत में जांच की अंतहीन और कछुआ चाल प्रक्रिया चलती रहती है, जो अपराधियों को बचने का मौका देती है। मरीजों की जान की सुरक्षा और इस मानवीय पेशे की पवित्रता को बचाने के लिए केवल वादे नहीं, बल्कि निर्णायक और कड़े प्रहार की आवश्यकता है। हर पंजीकृत डॉक्टर का लाइव डिजिटल डेटाबेस बने, ताकि मरीज एक क्लिक पर डॉक्टर की प्रामाणिकता जांच सके। मेडिकल काउंसिल हर साल सभी अस्पतालों का निरीक्षण करे, डॉक्टरों के दस्तावेजों का रैंडम फिजिकल वेरिफिकेशन करे। फजीर्वाड़ा पकड़े जाने पर फर्जी डॉक्टर की फाइल पास करने वाले और सत्यापन करने वालों पर सह-आरोपी के रूप में आपराधिक मुकदमा दर्ज हो। तभी मौत बांटने वालों में खौफ जगेगा। जिम्मेदारों को यह बात अच्छी तरह से समझनी होगी कि मेडिकल जैसे पवित्र पेशे में फजीर्वाड़े के इस कैंसर का इलाज समय रहते करना होगा। ऐसा नहीं हुआ तो ऐसे फर्जी चिकित्सकों के कारण मरीजों की जान पर तलवार सदैव लटकी रहेगी।

## रुपए से ढहती आर्थिकी

भारत में एक डॉलर की कीमत 96.35 रुपए तक पहुंच चुकी है। यह घट-बढ़ भी सकती है, लेकिन व्यापक परिवर्तन संभव नहीं हैं। यह भारतीय मुद्रा रुपए का सबसे निचले स्तर का अवमूल्यन है। रुपए और डॉलर के इस समीकरण के बाद विश्व में सबसे कमजोर मुद्रा रुपया ही है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है, बेशक भारत विश्व की एक बड़ी अर्थव्यवस्था है। नतीजा यह है कि हमने मार्च, 2026 में जो कच्चा तेल 1.17 लाख करोड़ रुपए में खरीदा था, वही अप्रैल में 1.79 लाख करोड़ रुपए में खरीदना पड़ा है। कच्चे तेल के अलावा, गैस, खाद, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, खाद्य तेल, दालें, सोना और अन्य आयातित वस्तुएं, सेवाएं हमें महंगी खरीदनी पड़ेंगी। अंततः महंगाई बढ़ती जाएगी और आम आदमी कराहता रहेगा। सिर्फ एक ही बुनियादी कारण है-रुपए का अवमूल्यन। यह स्थिति मोदी सरकार के 12 सालों में लगातार खराब होती गई है। हालांकि 2023 में भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपए के कृत्रिम नियंत्रण की कोशिश की थी, लेकिन आज अवमूल्यन का यथार्थ सामने है। लिहाजा मूडीज की ताजा रपट भी चर्चा में है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी ने निष्कर्ष दिया है कि भारत के जीडीपी की विकास दर 0.8 फीसदी कम हो गई है। वित्त वर्ष के अंत में विकास दर करीब 6 फीसदी ही रहने वाली है। सरकार 7-7.5 फीसदी की विकास दर का दावा करती रही है। रिजर्व बैंक ने भी 6.5 फीसदी तक का आकलन देना शुरू कर दिया है। एक आर्थिक वज्रपात यह भी हुआ है कि 2026 के पहले पांच महीनों में ही विदेशी निवेशकों ने 2.2 लाख करोड़ रुपए के शेयर बेच दिए हैं और भारतीय बाजार को अलविदा कह दिया है। हालांकि कुछ नई और छोटी कंपनियों में विदेशियों के निवेश अब भी मौजूद हैं, लेकिन वे अर्थव्यवस्था को अपेक्षित प्रभावित नहीं करते। ऐसे निवेशकों ने जापान, दक्षिण कोरिया और अमरीका की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की कंपनियों में निवेश करना बेहतर समझा है। अप्रैल में 60,900 करोड़ रुपए और मई में अभी तक 1.22 लाख करोड़ रुपए विदेशी निवेशक हमारे बाजार से निकाल चुके हैं। नतीजतन भारत को विदेशी मुद्रा का भी नुकसान झेलना पड़ेगा। जो आर्थिक उथल-पुथल हम देख रहे हैं, वह पूर्णतः ईरान युद्ध के नतीजतन नहीं है। युद्ध ने तेल, गैस, खाद समेत विश्व की बुनियादी सप्लाई चेन को तोड़ कर रख दिया है। इसी दौरान भारत-संयुक्त अरब अमीरात में समझौता हुआ है कि अरब देश हमारे यहां 5 अरब डॉलर का निवेश करेगा और 3 करोड़ बैरल कच्चे तेल का भंडारण तैयार करेगा, जिसका इस्तेमाल भारत भी आपातस्थिति में कर सकेगा। इसमें समय लगेगा, क्योंकि अभी खुद अरब देश ईरान के मिसाइल-ड्रोन हमले झेलने को विवश है। बहरहाल भारत के संदर्भ में रुपए का अवमूल्यन बहुत बड़ा प्रभाव है, क्योंकि भारत 147 करोड़ से अधिक की आबादी और घोर आर्थिक, सामाजिक असमानताओं का देश है, लिहाजा यह तेल-गैस का ही नहीं, बल्कि आम भारतीय की आजीविका का भी आपातकाल है। भारतीय अर्थव्यवस्था में चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 2026-27 में जीडीपी के 2.3 फीसदी तक पहुंच सकता है, जबकि बीते 2025-26 में यह 0.9 फीसदी बताया जा रहा है। यह संकट प्रधानमंत्री मोदी की अपील, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के मेट्रो में सफर करने या ई-रिक्शा, विद्युत बस में दफ्तर जाने अथवा पैदल चलने और अंततः बचत करने से ही दूर नहीं होगा। यदि रुपए के अवमूल्यन से भारत चौथी अर्थव्यवस्था से फिसल कर छठी अर्थव्यवस्था पर आ सकता है, तो 7-8वां स्थान बहुत दूर नहीं है। फ्रांस जैसे विकसित देश की चुनौती सामने है। अर्थशास्त्रियों का सवाल है कि हम डॉलर में तेल क्यों खरीद रहे हैं? यदि सरकार के पास पैसा है, तो सबसिडी दे दें और तेल-गैस सस्ते में बेचें। बहरहाल यह भी विचार हो सकता है, लेकिन एक और आयाम सामने आया है। भारत में रेलवे, रक्षा, पोर्ट ट्रस्ट, सार्वजनिक उपक्रमों के पास 20-25 हजार वर्ग किलोमीटर जमीनें हैं। उन्हें आंशिक तौर पर बेचा या दीर्घकालिक लीज पर दिया जा सकता है। जमीन का यथोचित हिस्सा सुरक्षा और आपातस्थिति के लिए छोड़ने के बाद भी करीब 16-17 लाख करोड़ रुपए आ सकते हैं। इससे निजी निवेश भी आएगा और तेल आयात का मोटा खर्च भी निकलेगा। विदेशी मुद्रा सुरक्षित रहेगी, तो रुपया भी सुधर सकता है।

# दुनिया का अमेरिका से डगमगाता विश्वास

**कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि दुनिया में एक ओर जहां डॉलर का प्रभुत्व कम हो रहा है, वहीं दुनिया एकध्रुवीय प्रणाली से बदलकर बहुध्रुवीय होती जा रही है। डॉलर के महत्व की कमी अचानक नहीं हुई, बल्कि यह एक लंबी प्रक्रिया के कारण हो रहा है। लेकिन इसके साथ ही अमेरिका आज एकमात्र बड़ी महाशक्ति नहीं, बल्कि दुनिया की बड़ी शक्तियों में से एक है।**

**डा. अश्विनी महाजन**

कुछ समय पूर्व एक खबर आई कि सऊदी अरब अब डॉलर के साथ-साथ अन्य करेंसियों में भी तेल का व्यापार करेगा। यह वैश्विक आर्थिक जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और कुछ हद तक आश्चर्यजनक खबर भी थी। पिछले कई दशकों से दुनिया के तेल व्यापार में डॉलर का प्रभुत्व बना हुआ है और अभी भी विश्व के कुल तेल व्यापार का 80 प्रतिशत डॉलर के माध्यम से होता रहा है। 1973 के तेल संकट के बाद, 1974 के मध्य में अमेरिका और सऊदी अरब के बीच आगामी 50 वर्षों के लिए एक रणनीतिक समझ बनी कि सऊदी अरब तेल की कीमत अमेरिकी डॉलर में तय करेगा। वह तेल से होने वाली अतिरिक्त कमाई को अमरीकी संपत्तियों (जैसे ट्रेजरी बॉन्ड इत्यादि) में निवेश करेगा। इसके बदले में, अमेरिका ने उसे सैन्य सहायता और सुरक्षा की गारंटी प्रदान की। वर्ष 2024 में उस समझ या यूं कहें तो समझौते की अवधि की समाप्ति होने के बाद तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने उस समझौते का नवीनीकरण नहीं किया, जिसके कारण सऊदी अरब अब स्थानीय करेंसियों में तेल बेचने के लिए स्वतंत्र हो गया है, और उसके लिए चीनी युआन, जापानी येन और भारतीय रुपए सहित कई अन्य करेंसियों में तेल का व्यापार करने का मार्ग खुल गया है। गौरतलब है कि अमरीका के साथ सऊदी अरब का 50 वर्ष का वो समझौता उस समय समाप्त हुआ, जब ब्रिक्स देश अमेरिकी डॉलर के स्थान पर स्थानीय करेंसियों को वरीयता देने की ओर प्रयास कर रहे थे।

ब्रिक्स सम्मेलनों में रूस और चीन सहित कुछ देश अब डी-डालराईजेशन की बात जोर-शोर से करने लगे हैं। हालांकि भारत खुलेतौर पर डी-डालराईजेशन का समर्थन तो नहीं करता, लेकिन अपने आर्थिक हितों के संरक्षण हेतु रुपयों में अंतरराष्ट्रीय व्यापार भुगतान करने की ओर ठोस प्रयास कर रहा है। गौरतलब है कि भारत के बड़े व्यापार साझेदार देशों ने इस संबंध में वास्ट्रो खाते खोलकर रुपयों में भुगतान का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। विश्व में, पिछले लंबे समय से अमेरिकी डॉलर का प्रभुत्व कम होने के संकेत मिलते रहे हैं, लेकिन पिछले दो वर्षों में डॉलर पर दुनिया का विश्वास कुछ अधिक तेजी से डगमगाया है। हालांकि आज भी डॉलर दुनिया के लिए प्राथमिक करेंसी के रूप मे बरकरार है, लेकिन पिछले कुछ समय से दुनिया डॉलर से लगातार विमुख हो रही है। हालांकि अभी भी दुनिया के 90 प्रतिशत विदेशी मुद्रा लेन-देन डॉलरों में होते हैं, और 54 प्रतिशत वैश्विक निर्यात के बिल डॉलरों में व्यक्त किए जाते हैं, लेकिन डॉलर जिसकी वैश्विक रिजर्व करेंसी में हिस्सेदारी वर्ष 2000 में 71 से 72 प्रतिशत होती थी, यूरो के प्रादुर्भाव के चलते वर्ष 2010 तक वह 61 प्रतिशत तक पहुंच गई थी, और 2019 तक यह उसी स्तर पर बनी रही। लेकिन वर्ष 2020 से यह निरंतर घटती जा रही है और वर्ष 2023 में डॉलर का वैश्विक रिजर्व करेंसी में योगदान घटकर 58 प्रतिशत और 2025 में 56.3 प्रतिशत तक पहुंच गया, और यह घटता ही जा रहा है, और आज यह पिछले 30 सालों में न्यूनतम स्तर पर है। इस बात को समझने की जरूरत है कि डॉलर पर दुनिया का विश्वास पूर्व की तुलना में क्यों डगमगाया हुआ है? क्यों अब दुनिया के देश डॉलर को त्याग अन्य करेंसियों को वरीयता देने लगे हैं। इसको समझने के लिए हमें वैश्विक परिस्थितियों को समझना पड़ेगा। सर्वप्रथम, अमेरिका द्वारा वित्त के हथियारीकरण के कारण दुनिया भर का अमेरिकी प्रशासन पर विश्वास कमजोर हुआ है। बार-बार अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले प्रतिबंधों और विदेशी (रूसी) रिजर्व परिसंपत्तियों को जब्त करने की कार्यवाही ने एक प्रकार से खतरे की घंटी जैसा काम किया और विरोधी एवं सहयोगी दोनों देशों को ऐसा लगने लगा कि डॉलर आधारित व्यवस्था कोई तटस्थ व्यवस्था नहीं है और अमेरिका द्वारा उसे हथियार के रूप में कभी भी इस्तेमाल किया जा सकता है। कुछ दिन पूर्व फ्रांस द्वारा अमरीका के पास रखे अपने सोने के भंडार को वापस स्वदेश लाने का निर्णय भी इसी अविश्वास का परिणाम है। दूसरे, अमरीकी राजकोष जिसमें पहले काफी स्थायित्व रहता था, लेकिन पिछले कुछ समय से अमेरिकी सरकार का कर्ज लगातार बढ़ते हुए 35 खरब (ट्रिलियन) डॉलर तक पहुंच गया है, जो उसकी जीडीपी का 122.6 प्रतिशत है। यही नहीं, अमेरिका में बारंबार कर्ज के बढ़ते स्तर के चलते अमरीकी संसद और राष्ट्रपति के बीच टकराव होने और साथ ही साथ अमेरिकी शटडाउन की घटनाएं बार-बार हो रही हैं, जो अमेरिकी राजस्व में दीर्घकालीन घाटे की ओर इंगित कर रहा है। इसलिए भी दुनिया की रिजर्व करेंसी के रूप में डॉलर की स्वीकार्यता घट रही है। तीसरे, अमरीकी केन्द्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की स्वायत्तता के चलते डॉलर के स्थायित्व पर दुनियाभर का विश्वास था। लेकिन अब अमरीकी प्रशासन द्वारा फेडरल रिजर्व की स्वायत्तता को लगातार चुनौती दी जा रही है, जिसके चलते फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता और प्रतिष्ठा पर प्रश्नचिन्ह लग रहे हैं। दुनियाभर के आर्थिक विशेषज्ञ इस वजह से भी डॉलर की प्रतिष्ठा गिरने की बात प्रमुखता से कर रहे हैं। डॉलर का स्थान घटाने में वैश्विक बदलाव भी मददगार : गौरतलब है कि दुनिया में बहुत से तकनीकी, भू-राजनीतिक और आर्थिक बदलाव हो रहे हैं, पूर्व में विश्व में लेनदेन की प्रक्रिया में ह्यस्विफ्टद्ध प्रणाली का प्रभुत्व था। स्थिति यह थी कि विश्व में प्रत्येक लेनदेन पश्चिमी देशों के प्रभुत्व वाले स्विफ्ट द्वारा संचालित होता था। स्विफ्ट में लेनदेन में डॉलर, यूरो, इंग्लैंड के पाऊंड आदि का प्रादुर्भाव रहता था। लेकिन एकतरफ अमरीका द्वारा अन्य देशों पर बार-बार प्रतिबंध लगाने की धमकी और कार्यवाही के चलते, अब चीन द्वारा विकसित एक वैकल्पिक समानांतर तंत्र, क्रासबार्डर इंटरबैंक पेमेंट सिस्टम (सीआईपीएस) का उपयोग भी होने लगा है। 2025 के प्रारंभ में 45 खरब युआन के लेनदेन स्पिस के माध्यम से हुए। इस बात को इंगित करता है कि अमरीका की दादागिरी और अन्य ताकतों के उदय ने भी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने का काम किया है। दूसरे, अब देशों के केंद्रीय बैंक, डॉलर की बजाय सोने में भी रिजर्व रखने लगे हैं। उदाहरण के लिए 2010 में चीन के रिजर्व में सोना मात्र 1 से 1.5 प्रतिशत ही होता था, आज चीन के विदेशी मुद्रा रिजर्व में सोने का हिस्सा 7 प्रतिशत पहुंच चुका है। भारत में भी सोने का हिस्सा 2010 में मात्र 6 से 7 प्रतिशत था, जो अभी तक 16.7 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यही स्थिति कमोबेश हर बड़े देश में देखने को मिल रही है। यानी अब देश डॉलर से विमुख होकर किसी और करेंसी पर विश्वास जताने की बजाय सोने के रिजर्व बढ़ाने पर ध्यान दे रहे हैं। तीसरे, डॉलर के प्रभुत्व के चलते देशों को बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा, अधिकांशतः डॉलर का भंडार रखना पड़ता था, जिसका नुकसान यह होता था कि उससे उनको कोई प्रतिफल भी नहीं मिलता था। लेकिन आज अधिक से अधिक देश जैसे, रूस, भारत, ब्राजील इत्यादि स्थानीय करेंसियों या चीनी युआन में लेनदेन और निपटान कर रहे हैं। इसके कारण भी डॉलर का महत्व कम हो रहा है। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि दुनिया में एक ओर जहां डॉलर का प्रभुत्व कम हो रहा है, वहीं दुनिया एकध्रुवीय प्रणाली से बदलकर बहुध्रुवीय होती जा रही है।

# महंगाई से आम आदमी की जेब ढीली

**इस बढ़ती हुई महंगाई से जहां आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन में मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं अर्थव्यवस्था की विकास रफ्तार धीमी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली के दौरान वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और गैस का संयम से इस्तेमाल करने की अपील की है ।**

**डा. जयंतीलाल भंडारी**

इन दिनों पश्चिम एशिया संकट और वैश्विक भूराजनीतिक चुनौतियों के बीच देश में महंगाई बढ़ने की चुनौती उभरकर दिखाई दे रही है। हाल ही में 15 मई को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में तीन-तीन रुपए की वृद्धि की गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत में अप्रैल 2026 में थोक महंगाई बढकर 8.3 प्रतिशत और खुदरा महंगाई बढकर 3.48 प्रतिशत हो गई है। इसी तरह महंगाई से संबंधित विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भी भारत में महंगाई बढ़नें के विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। इस बढ़ती हुई महंगाई से जहां आम आदमी के रोजमर्रा के जीवन में मुश्किलें बढ़ रही हैं, वहीं अर्थव्यवस्था की विकास रफ्तार धीमी हो रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक रैली के दौरान वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर देशवासियों से पेट्रोल, डीजल और गैस का संयम से इस्तेमाल करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत के पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। ऐसे में पश्चिम एशियाई संकट के कारण नागरिकों को यह जिम्मेदारी निभानी होगी कि वे जहां तक संभव हो मेट्रो और सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। इलेक्ट्रिक कारों और कार पूलिंग को प्राथमिकता दें। साथ ही कोरोना काल की तरह वर्क फ्रॉम होम और ऑनलाइन मीटिंग्स को बढ़ावा दें।

देश और दुनिया के अर्थ विशेषज्ञ भी भारत को पश्चिम एशिया संकट के झटकों और वैश्विक अनिश्चितता के लिए खुद को तैयार रखने संबंधी टिप्पणियां करते हुए दिखाई दे रहे हैं। 13 मई को रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि महंगाई का दबाव बढ़ने पर अब नीतिगत रीपो रेट में वृद्धि की कार्रवाई की जानी होगी। गौरतलब है कि इन दिनों पश्चिम एशिया संकट के कारण कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में तेजी और आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं से भारत में महंगाई बढ़ने लगी है। उल्लेखनीय है कि 15 मई को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि के साथ-साथ एक मई से 19 किलोग्राम के वाणिज्यक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 993 रुपए और 5 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 549 रुपए की बढ़ोतरी का असर रेस्टोरेंट, ढाबों और रोजमर्रा के काम में एलपीजी का इस्तेमाल करने वाले व्यवसायों की लागत बढ़ने के रूप में दिखाई देने लगा है। इस बड़ी हुई लागत का बोझ उपभोक्ताओं पर होने से महंगाई बढ़ने लगी है। पेट्रोलियम मंत्रालय का आकलन है कि सरकारी क्षेत्र की तीनों तेल कंपनियों इंडियन आयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम को संयुक्त तौर पर हर माह करीब 30 हजार करोड़ रुपए का घाटा हो रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि जिस तेजी से दुनिया के विभिन्न देशों में महंगाई बढ़ रही है, उसकी तुलना में भारत में महंगाई बढ़ने की दर कम है, लेकिन महंगाई बढ़ने की प्रवृत्ति उभरकर दिखाई दे रही है। एशियाई विकास बैंक के द्वारा 10 मई को प्रस्तुत रिपोर्ट के मुताबिक इस वर्ष 2026 में भारत में महंगाई 6.9 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच सकती है। इसी तरह प्रमुख कंसल्टेसी फर्म ईवाई इंडिया की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशियाई संकट के कारण भारत में वित्त वर्ष 2026-27 में महंगाई दर 6 प्रतिशत के ऊपरी स्तर को छू सकती है। उल्लेखनीय है कि 8 मई को क्रिसिल के द्वारा प्रकाशित ताजा रोटी चावल दर रिपोर्ट के मुताबिक अप्रैल 2026 में घर पर बनी शाकाहारी और मांसाहारी थाली की कीमत बढ़ गई है। देश में आम आदमी के जीवन से जुड़ी वस्तुएं, रसोई से लेकर कपड़े और घरेलू उपकरण आदि महंगे होते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस समय देश में दैनिक जरूरतों के समान बनाने वाली कई फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) कंपनियां अपने उत्पादों कीमत बढ़ाने या पैकेट के वजन घटाने के विकल्पों पर विचार कर रही हैं।इतना ही नहीं, देश में महंगाई बढ़ने की एक नई चिंता यह भी है कि भारतीय मौसम विभाग ने अल नीनो के कारण 2026 में सामान्य से कम मॉनसून का अनुमान लगाया है, जिससे कृषि उत्पादन और खाद्य कीमतों पर असर पड़ सकता है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि सरकार देश के आम आदमी को पश्चिम एशिया संकट के बीच महंगाई से बचाने के मद्देनजर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ी है। इसके मद्देनजर पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए उत्पाद कर में 10 रुपए प्रतिलीटर की कटौती की गई ताकि महंगाई को काबू में रखा जा सकेगा। सरकार ने निर्यात किए जाने वाले डीजल और हवाई ईंधन (एटीएफ) पर निर्यात शुल्क 34 रुपए बढ़ा दिया है, ताकि देश में ईंधन की कमी ना हो और कीमतें काबू में रहें। देश में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 लागू किया गया है। देश की सभी तेल रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता के साथ काम कर रही हैं। बाजार में पेट्रोल और डीजल की बाजार में किसी भी तरह की कमी नहीं आने दी जा रही है। रोजाना करीब 50 लाख गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। ऑनलाइन बुकिंग 97 प्रतिशत है। सरकार ने महंगाई को नियंत्रित रखने तथा आम आदमी पर इसके प्रभाव को कम से कम करने के मद्देनजर आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टॉक बढ़ाने, खुले बाजार में खरीदे गए खाद्यान्न की रणनीतिक बिक्री करने और जरूरी आयात की सुविधा जैसे कई रणनीतिक कदम उठाए हैं। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि पश्चिम एशिया संकट से निर्मित महंगाई की चुनौती के बीच कुछ अहम बुनियादी बातें भारत के लिए महंगाई नियंत्रण की शक्ति बन गई हैं। सरकार के द्वारा महंगाई नियंत्रण के लिए की गई विभिन्न आर्थिक और कूटनीतिक पहलों के लाभ मिले हैं। इस समय भारत के पास विशाल खाद्यान्न भंडार आर्थिक अनुकूलता के रूप में दिखाई दे रहा हैं। देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ है। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के पास केंद्रीय पूल में अप्रैल 2026 के अंत तक लगभग गेहूं और चावल का 6.02 करोड़ टन से अधिक का उपलब्ध स्टॉक खाद्य सुरक्षा के मामले में भारत की मजबूती है।

# सफलता का रहस्य

**स्वामी विवेकानंद**

**चिंतन-मनन**

मैं केवल दृश्य देखने वाला यात्री हूं, न निरुद्योगी पर्यटक। यदि आप जीवित रहेंगे, तो मेरा कार्य देख पाएंगे और आजीवन मुझे आशीर्वाद देंगे। श्री द्विवेदी का लेख धर्म महासभा में बोला था और उसका क्या परिणाम हुआ, यह कुछ समाचार पत्र पत्रिकाएं जो मेरे पास हैं, उनसे उद्धत कर-के लिखता हूं। मैं डींग नहीं हांकना चाहता, परंतु आपके प्रेम के कारण, आपमें विश्वास करके मैं अवश्य कहूंगा कि किसी हिंदू ने अमेरिका को ऐसा प्रभावित नहीं किया और मेरे आने से यदि कुछ भी न हुआ, तो इतना अवश्य हुआ कि अमेरिकनों को यह मालूम हो गया कि भारत में आज भी ऐसे मनुष्य उत्पन्न हो रहे हैं, जिनके चरणों में सभ्य से सभ्य राष्ट्र भी नीति और धर्म का पाठ पढ़ सकते हैं। क्या आप नहीं समझते कि हिंदू राष्ट्र को अपने संन्यासी यहां भेजने के लिए यह पर्याप्त कारण है? पूर्ण विवरण आपको वीरचंद गांधी से मिलेगा। अधिकांश संक्षिप्त भाषण वाक्पटुत्वपूर्ण होते हुए भी किसी ने भी धर्म महासभा के तात्पर्य एवं उसकी सीमाओं का इतने अच्छे ढंग से वर्णन नहीं किया, जैसा कि उस हिंदू संन्यासी ने।

मैं उनका भाषण पूरा-पूरा उद्धत करता हूं, परंतु श्रोताओं पर उसका क्या प्रभाव पड़ा, इसके बारे में मैं केवल इतना ही कह सकता हूं कि वे दैवी अधिकार से संपन्न वक्ता हैं और उनका शक्तिमान तेजस्वी मुख तथा उनके पीले गेरुए वस्त्र, उनके गंभीर तथा लयात्मक, वाक्यों से कुछ कम आकर्षक न थे। यहां भाषण विस्तारपूर्वक उद्धत किया गया है। उन्होंने गिरजे और क्लबों में इतनी बार उपदेश दिया है कि उनके धर्म से अब हम भी परिचित हो गए हैं। उनकी संस्कृति, उनकी वाक्पटुता, उनके आकर्षक एवं अद्भुत व्यक्तित्व ने हमें हिंदू सभ्यता का एक नया आलोक दिया है। उनके सुंदर तेजस्वी मुखमंडल तथा उनकी गंभीर सुललित वाणी ने अनायास अपने वश में कर लिया है। बिना किसी प्रकार के नोट्स की सहायता के ही वे भाषण देते हैं, अपने तथ्य तथा निष्कर्ष को वे अपूर्व ढंग से एवं आंतरिक्ता के साथ सम्मुख रखते हैं और उनकी स्वतःस्फूर्त प्रेरणा उनके भाषण को कई बार अपूर्व वाक्पटुता से युक्त कर देती है। वही विवेकानंद निश्चय ही धर्म महासभा में महानतम व्यक्ति हैं।

## आपके पत्र

### बहुत जरूरी है वन संपदा को आग से बचाना

हर वर्ष गर्मियों में देश के कुछ वन संपदा के धनी राज्यों में वनों में भयंकर आग लगने की खबरें पढ़ने, सुनने और देखने को मिलती हैं। आग किसी भी कारण से वनों में लगती है, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कुछ लोग गर्मियों के दिनों में बेकार की घास-फूस को जलाने के लिए वनों या खेतों में आग लगा देते हैं, जिससे घास-फूस के साथ ही सैकड़ों वृक्ष भी आग की बलि चढ़ जाते हैं जो कि प्रकृति से खिलवाड़ है और हरी-भरी वादियों के लिए अच्छे संकेत नहीं हैं।

लोगों को चाहिए कि अगर वो खेतों से फालतू की घास-फूस को जलाना चाहते हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि यह आग खेतों के साथ लगते वनों में न फैले। इससे एक तो वन संपदा नष्ट होती है, दूसरे कई जंगली जीव-जंतु-पक्षी जल कर नष्ट हो जाते हैं।

**मोनू सिंह**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज IN ब्रीफ

### मोबाइल चैटिंग मामले में युवक से पूछताछ

**साहिबगंज :** मोबाइल चैटिंग से जुड़े एक मामले की जांच को लेकर हरियाणा पुलिस की टीम जिरवाबाड़ी थाना पहुंची। जानकारी के अनुसार पुलिस टीम ने एक युवक से आवश्यक पूछताछ की इस संबंध में थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि मामला मोबाइल चैटिंग से जुड़ा है।और साइबर एंगल से भी इसकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच कर रही है। वहीं स्थानीय लोगों के अनुसार संबंधित युवक मानसिक रूप से कमजोर बताया जा रहा है।

### अंजुमन नगर में चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर मोहल्ला में हुए चोरी मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम सागर उर्फ पोपट बताया जाता है फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है तथा मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी है जानकारी के अनुसार अंजुमन नगर निवासी मोहम्मद मोईन ने अपने घर में मोबाइल, लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी होने की शिकायत जिरवाबाड़ी थाना में दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया इस संबंध में थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है। तथा जल्द ही बाकी आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी उन्होंने बताया कि आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

### मारपीट मामले में आरोपी गिरफ्तार, दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराई प्राथमिकी

**साहिबगंज :** नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत तालबन्ना निवासी किशोरी नाथ यादव को नगर थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया जानकारी के अनुसार मोहल्ले के ही राज कुमार यादव द्वारा मारपीट की शिकायत नगर थाना में दर्ज कराई गई थी। शिकायत के आधार पर नगर थाना कांड संख्या 78/26 दर्ज करते हुए पुलिस ने कार्रवाई शुरू की इस संबंध में थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि मारपीट मामले के आरोपी किशोरी नाथ यादव की गिरफ्तारी कर ली गई है आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।वहीं इस मामले में दूसरे पक्ष की ओर से भी प्राथमिकी दर्ज कराई गई है छोटी देवी, पति स्वर्गीय लाल यादव द्वारा नगर थाना में कांड संख्या 79/26 दर्ज कराया गया है।प्राथमिकी में राजकुमार यादव रानी देवी व अन्य को आरोपी बनाया गया है। थाना प्रभारी अमित गुप्ता ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच व आवश्यक कार्रवाई कर रही है।

### गांजा पीने से मना करने पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के भवानी चौकी महादेवगंज निवासी अंसार ने अब्दुल कादिर पर उनके पुत्र अब्दुल सुभानी पर जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।अंसार ने बताया कि अब्दुल कादिर उनके घर के निकट गांजा पी रहा था तथा उसके हाथ में चाकू था इसी दौरान उनके पुत्र अब्दुल सुभानी ने उसे गांजा पीने से मना किया आरोप है। कि इसी बात से नाराज होकर अब्दुल कादिर ने अब्दुल सुभानी पर चाकू से हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर जब अब्दुल सुभानी की पत्नी घटनास्थल पर पहुंची तो उसके साथ भी मारपीट की गई घटना में घायल दोनों लोगों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।मामले को लेकर जिरवाबाड़ी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इधर थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि मारपीट एवं हमला मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी अब्दुल कादिर की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### पुरानी रंजिश में मारपीट महिला समेत दो गंभीर घायल

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र के कटहलबाड़ी भट्ठा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार कटहलबाड़ी भट्ठा गांव में बीते 21 अक्टूबर को जमीन विवाद को लेकर बेलाल मोमिन की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई थी। इस घटना में एक अन्य व्यक्ति भी गंभीर रूप से घायल हुआ था। मामले में मृतक की पत्नी के बयान पर 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल कुछ आरोपियों को जेल भी भेजा था। बताया जा रहा है। कि हाल ही में मामले के कुछ आरोपियों के बरी होने के बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव फिर बढ़ गया। इसी क्रम में बेलाल मोमिन के रिश्तेदारों और दूसरे पक्ष के बीच कहासुनी के बाद विवाद हिंसक हो गया और मारपीट शुरू हो गई। घटना में एक पुरुष और एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही राजमहल इंस्पेक्टर एवं राधानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बरहेट प्रखंड में सांसद ने 15 योजनाओं का किया शिलान्यास



**साहिबगंज/बरहेट :** राजमहल लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय कुमार हांसदा ने बरहेट प्रखंड अंतर्गत विभिन्न सड़कों का शिलान्यास किया।जिसमे साहेबगंज जिला के प्रखंड बरहेट में एलओ30-फुलभंगा भादुडीह आर ई ओ रोड़ से पकड़ी गोंडा तक प्राक्कलित राशि 171.54 लाख एवं साहेबगंज जिले के बरहेट प्रखंड में एलओ31- पंचकठिया तलबडिया रक्सी बरहेट लिंक रोड से सिंगा तक प्राक्कलित राशि 119.32 लाख व प्रखंड बरहेट एल32-बरहेट बरहरवा पी डब्ल्यू डी रोड़ से जमरी पहाड़ तक प्राक्कलित राशि 161.62 लाख एवं बरहेट प्रखंड के एल23 बरहेट बरहरवा पी डब्ल्यू डी रोड़ से छोटा पत्थर चपटी पहाड तक प्राक्कलित राशि 123.34 लाख के योजनाओं का शिलान्यास किया।मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि सह जिला उपाध्यक्ष संजीव शामू हेंब्रम,प्रखंड अध्यक्ष सह प्रमुख बर्नार्ड मरांडी,प्रखंड सचिव मुजिबुर रहमान,उपाध्यक्ष लखिराम हेंब्रम,जिला संगठन सचिव छवि हेंब्रम,सुनिराम हांसदा,मैनूल अंसारी,समदा सोरेन,मिराज हक,संवेदक फणी भुषण साह,अख्तर आलम फिरोज अंसारी सहित सभी पंचायत के अध्यक्ष,सचिव एवं सक्रिय कार्यकर्ता ओर सेकंडों ग्रामीण मौजूद थे।

# शिक्षकों का मुख्य फोकस विद्यार्थियों में विषय की समझ विकसित करने पर होना चाहिए : उपायुक्त

## साहिबगंज में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन मेधावी छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक हुए सम्मानित

## माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025-26 के टॉपर्स को मिला सम्मान



संवाददाता

**साहिबगंज :** झारखण्ड शिक्षा परियोजना साहिबगंज के तत्वावधान में माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों के सम्मान में आज सिदो-कान्हू सभागार साहिबगंज में प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त दीपक कुमार दुबे उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग एवं उप विकास आयुक्त श्री सतीश चंद्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात जिला शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों का नन्हा पौधा भेंट कर स्वागत किया गया।

उपायुक्त दीपक कुमार दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में साहिबगंज जिले के परीक्षा परिणामों एवं राज्य स्तरीय रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो शिक्षकों विद्यार्थियों और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। उपायुक्त ने जानकारी दी कि जैक बोर्ड माध्यमिक परीक्षा में जिले का प्रदर्शन राज्य स्तर पर सातवें स्थान पर रहा है सफलता प्रतिशत 96.22 प्रतिशत रहा। वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में भी जिले की रैंकिंग एवं सफलता प्रतिशत में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। उन्होंने विशेष रूप से इंटरमीडिएट विज्ञान वाणिज्य संकाय के परिणामों को और बेहतर बनाने हेतु शिक्षकों एवं प्रधानाध्यापकों को निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि शिक्षकों का मुख्य फोकस विद्यार्थियों में विषय की समझ विकसित करने पर होना चाहिए । रटने की प्रवृत्ति को कम करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने शिक्षकों अभिभावकों के साथ नियमित बैठक आयोजित करने एवं निरंतर मूल्यांकन प्रणाली को प्रभावी रूप से लागू करने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि निरंतर टेस्ट, सही मूल्यांकन एवं कम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन की रणनीति अपनाकर जिले के परीक्षा परिणामों को और बेहतर बनाया जा सकता है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगामी वर्षों में साहेबगंज जिला शिक्षा के क्षेत्र में राज्य के अग्रणी जिलों में शामिल होगा।वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के जीवन की पहली बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षा होती हैं, जहां उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों एवं अभिभावकों के मार्गदर्शन का सम्मान करने तथा अपने साथियों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने अपने संबोधन में मेधावी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि जिले का शैक्षणिक प्रदर्शन पिछले दो वर्षों में लगातार बेहतर हुआ है। उन्होंने कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन एवं कठिन परिश्रम से प्राप्त होती है तथा जो विद्यार्थी इस बार अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर सके हैं, उन्हें निराश हुए बिना आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने विद्यालय एवं परिवार से प्राप्त संस्कारों को जीवन में आत्मसात करने की अपील की।जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सर्वांगीण विकास बौद्धिक उन्नयन एवं संस्कार निर्माण का माध्यम है। उन्होंने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता होते हैं। विद्यार्थियों में अनुशासन, सामाजिक ज्ञान, वैज्ञानिक सोच व भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना शिक्षकों का महत्वपूर्ण दायित्व है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान में 107 उच्च विद्यालय एवं 20 प्लस टू विद्यालय संचालित हैं। शिक्षकों के निरंतर प्रयास से जिले के परीक्षा परिणामों में लगातार सुधार हो रहा है।कार्यक्रम के दौरान माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं एवं बेहतर परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों को उपायुक्त के द्वारा सम्मानित किया गया। जिनमें जेएसी बोर्ड इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय टॉप-03 विद्यार्थी रेहान राज +2 हाई स्कूल उधवा 93.40 प्रतिशत,सौरव घोष +2 हाई स्कूल राधानगर 92.40 प्रतिशत,संजू कुमार साह +2 हाई स्कूल कोटालपोखर 92.20 प्रतिशत, जबकि जेएसी बोर्ड इंटरमीडिएट कला संकाय टॉप-03 विद्यार्थी रेशमी कुमारी +2 हाई स्कूल राधानगर 91 प्रतिशत,इन्तेखाब अंसारी +2 एस.एस.डी हाई स्कूल बरहैट झ 90.80 प्रतिशत

संगीता कुमारी +2 एस.एस.डी हाई स्कूल बरहैट 90.20 प्रतिशत,जेएसी बोर्ड इंटरमीडिएट वाणिज्य संकाय टॉप-03 विद्यार्थी आयशा खातून +2 जे.के हाय स्कूलराजमहल 89.40 प्रतिशत,एम.डी. फैसल हुसैन बी.एस.के कॉलेज बरहरवा 88.00 प्रतिशत

हर्षिता पंडित +2 जे.के हाई स्कूल राजमहल 87.80 प्रतिशत, आईसीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय टॉप-03 विद्यार्थी,अभिनव कुमार सेंट जेवियर्स स्कूल साहिबगंज 97.25 प्रतिशत दीपिका भारती सेंट जेवियर्स स्कूल साहिबगंज 90.25 प्रतिशत रिशिमा रॉय सेंट जेवियर्स स्कूल साहिबगंज 88.00 प्रतिशत, आईसीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट वाणिज्य संकाय टॉप-03 विद्यार्थी,जिया सिंह सेंट जेवियर्स स्कूल, साहिबगंज 89.25 प्रतिशत,अदिति कुमारी प्रोविडेंस स्कूल, साहिबगंज 85.00 प्रतिशत

ईशा राज सेंट जेवियर्स स्कूल, साहिबगंज 81.00 प्रतिशत, जेएसी बोर्ड माध्यमिक परीक्षा उत्कृष्ट विद्यार्थी रुकसार खातून युपीजी हाई स्कूल इस्लामपुर बरहरवा 96.80 प्रतिशत,अंकु कुमार सेंट जॉन वर्कमैन्स हाई स्कूल मुंडली 96.60 प्रतिशत,रचित कुमार साह +2 हरिशंकर सिंह उच्च विद्यालय शमार्पुर, पतना 96.60 प्रतिशत,विवेक कुमार +2 आर.के. हाई स्कूल बोरियो 96.40 प्रतिशत, सीबीएसई बोर्ड माध्यमिक परीक्षा उत्कृष्ट विद्यार्थी,अनिकेत कुमार साह जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज 88.8 प्रतिशत,एमडी तबरेज आलम जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज 88.8 प्रतिशत,फरहान हुसैन जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज 88 प्रतिशत

एमडी जानशाद अख्तर जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज 87.6 प्रतिशत, आईसीएसई बोर्ड माध्यमिक परीक्षा उत्कृष्ट विद्यार्थी दिव्यांशु गुप्ता प्रोविडेंस स्कूल साहिबगंज 98 प्रतिशत,शनुराग सिंह सेंट जेवियर्स स्कूल साहिबगंज 97.80 प्रतिशत

अंश कुमार सेंट जेवियर्स स्कूल साहेबगंज 97.80 प्रतिशत ,प्रियंशु राज सेंट जेवियर्स स्कूल साहिबगंज 97.40 प्रतिशत, सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट कला संकाय टॉप 03 विद्यार्थी रूपा कुमारी जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज 86 प्रतिशत,दिलखुश कुमार जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज 85 प्रतिशत,अनुष्का साहा सीएमएसओई गर्ल्स हाई स्कूल साहिबगंज 83.8 प्रतिशत, सीबीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट विज्ञान संकाय टॉप-03 विद्यार्थी ओम कुमार सिन्हा जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज 90.8 प्रतिशत सहाना महजाबीन जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज 85.2 प्रतिशत,विचारी कुमारी जवाहर नवोदय विद्यालय साहिबगंज 84.4 प्रतिशत

समारोह में जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी समेत जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# एचपीभी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर के खतरे और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी



संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी साहिबगंज डॉ किरण माला के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तालझारीअंतर्गत जिला सीएमएसओइ ,एसएकेआरआईजीएलआई में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु छात्राओं के बीच व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। किशोरियों के बीच एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूकता बढ़ाया गया। टीकाकरण को लेकर भ्रांतियों को दूर किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं एवं विद्यार्थियों के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया।जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा एचपीभी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर के खतरे और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। छात्राओं को बताया गया कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह एक सुरक्षित एवं प्रभावी टीका है।संवेदीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत एफएक्यु राउंड आयोजित किया गया।जिसमें छात्राओं द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का सरल व वैज्ञानिक तरीके से उत्तर दिया गया। इस दौरान वैक्सीन की सुरक्षा, संभावित लाभ, टीकाकरण की प्रक्रिया, आवश्यक सावधानियां एवं इससे जुड़ी सामान्य भ्रांतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्राओं को यह भी समझाया गया कि टीकाकरण के माध्यम से गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है और यह भविष्य की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक कदम है।विद्यालय की छात्राओं को जानकारी दी गई कि वर्तमान चरण में वैसे किशोरियों को एचपीवी टीका दिया जाना है जिनकी आयु 14 वर्ष पूर्ण हो चुकी है तथा आयु सीमा 15 वर्ष से कम हो ' साथ ही छात्राओं एवं शिक्षकों से अपील की गई कि वे टीकाकरण कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करें तथा अपने परिवार व समुदाय में भी एच0पी0वी0 टीकाकरण के प्रति जागरूकता फैलाएं। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम विद्यालय के शिक्षकगण संबंधित कर्मी एवं छात्राएं उपस्थित रहीं।

# साहिबगंज में डालसा का राहत अभियान लोगों के बीच ओआरएस घोल का वितरण



संवाददाता

**साहिबगंज :** झालसा रांची के निदेर्शानुसार तथा माननीय प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहिबगंज अखिल कुमार के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय साहिबगंज के मुख्य द्वार पर विशेष राहत जागरूकता अभियान आयोजित किया गया।अभियान के तहत शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों बस स्टैंड, प्रमुख बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में राहगीरों और जरूरतमंद लोगों के बीच ओआरएस घोल शीतल जल का वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को लू एवं डिहाइड्रेशन से बचाव के प्रति जागरूक करना तथा त्वरित राहत उपलब्ध कराना है।जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने बताया कि लोगों को गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने पर्याप्त मात्रा में पानी पीने, धूप में निकलने से बचने और आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी गई। साथ ही जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल के उपयोग व पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे चिलचिलाती धूप में विशेष सतर्कता बरतें बच्चों एवं बुजुर्गों का खास ख्याल रखें तथा किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता लें।डालसा सचिव ने बताया कि गर्मी के पूरे मौसम में यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाई जा सके और उन्हें लू के प्रकोप से सुरक्षित रखा जा सके।

# शेरशाहबादी समाज का आंदोलन 16वें दिन भी जारी, अकिल अख्तर पहुंचे धरनास्थल



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत करने की मांग को लेकर बरहरवा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में जारी अनिश्चितकालीन महाधरना सोमवार को 16वें दिन भी जारी रहा।आंदोलन के 16वें दिन धरनास्थल पर भारी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति ने आंदोलन को नई दिशा और मजबूती दी।धरना में 300 से अधिक छात्राएं शामिल हुईं और अपने अधिकारों को लेकर जोरदार आवाज उठाई।धरना स्थल पर छात्राओं ने हाथों में तख्तियां लेकर शेरशाहबादी प्रमाण पत्र निर्गत करो,हमें अपना अधिकार दो, जिला प्रशासन होश में आओ,अंचल प्रशासन हाय हाय का नारा लगाकर प्रदर्शन किया।छात्राओं ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र के अभाव में वे छात्रवृत्ति,दाखिला,प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरियों में आरक्षण के लाभ से वंचित हो रही हैं।आंदोलन के 16वें दिन पाकुड़ के पूर्व विधायक एवं एआईएमआईएम नेता अकिल अख्तर भी धरनास्थल पहुंचे और आंदोलनकारियों को अपना समर्थन दिया।उन्होंने कहा कि शेरशाहबादी समाज वर्षों से अपने संवैधानिक अधिकार के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन सरकार और प्रशासन लगातार इस मुद्दे को टालने का काम कर रहे हैं।अकिल अख्तर ने आगे कहा कि यह सिर्फ जाति प्रमाण पत्र का मामला नहीं,बल्कि हजारों छात्र-युवाओं के भविष्य और एक पूरे समाज की पहचान का सवाल है।आज जिस तरह छात्राएं बड़ी संख्या में मैदान में उतरी हैं, वह दिखाता है कि यह आंदोलन अब जनआंदोलन बन चुका है।यह तो केवल शुरूवात है,आगे हर घर से महिला एवं पुरुष,छात्र,नौजवान,किसान,मजदूर सभी घरों से निकलकर सड़क पर उतरेंगे।अगर हक नहीं मिला तो यह आंदोलन और बड़ा होगा।आज बरहरवा में धरना चल रहा है,कल पूरे साहिबगंज और पाकुड़ की सड़कें इस आवाज से गूंजेंगी।प्रशासन यह न समझे कि लोग थक जाएंगे या डर जाएंगे।जब किसी समाज के भविष्य और पहचान पर चोट होती है, तब आंदोलन रुकता नहीं,जनसैलाब बन जाता है।सरकार और प्रशासन को यह समझ लेना चाहिए कि शेरशाहबादी समाज अब अपने अधिकार के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है। अगर जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो आने वाले दिनों में गांव-गांव से लोग सड़क पर उतरेंगे और फिर इस आंदोलन को संभालना प्रशासन के लिए आसान नहीं होगा।धरना स्थल पर दिनभर नारेबाजी,सभा और विचार-विमर्श का दौर चलता रहा। आंदोलनकारियों ने एक स्वर में कहा कि जब तक शेरशाहबादी जाति प्रमाण पत्र पुनः निर्गत नहीं किया जाता,तब तक आंदोलन जारी रहेगा।वहीं आंदोलन में भाजपा नेता एवं पूर्व नगर अध्यक्ष श्यामल दास,सीपीआइएम नेता श्याम सुंदर पोद्दार भी शामिल होकर अपना समर्थन जताया।मौके पर मौलाना बुरहान,मो. इश्तियाक,अंसार अली,अब्दुल मालिक, सरफराज अहमद,मो.सायबान, मो.आजमाइल,शकील अहमद,रायसा खातून,वाजिहा खातून,नसरीन खातून,तमन्ना परवीन,शहनाज खातून, साइस्ता महफूज,मासूमा परवीन, सरजीना खातून सहित समाज के कई गणमान्य लोग,छात्र-छात्राएं,युवा एवं सैकड़ों आंदोलनकारी उपस्थित थे।

# सोहम शाह और तुम्बाड 2 टीम ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी को खास अंदाज में दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



**संवाददाता**

**तुम्बाड** के पहले चैप्टर की जबरदस्त सफलता के बाद तुम्बाड 2 भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक बन चुकी है। फिल्म को लेकर दर्शकों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं और ऐसा लग रहा है कि सोहम शाह फिल्म्स इस बार और भी बड़े स्तर पर सिनेमैटिक अनुभव देने की तैयारी में है। इसी उत्साह के बीच नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी तुम्बाड 2 की रहस्यमयी और डार्क दुनिया का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जिससे फैंस के बीच आगे क्या देखने मिलेगा इसे लेकर और ज्यादा उत्सुकता बढ़ गई है।

आज नवाजुद्दीन के जन्मदिन के मौके पर सोहम शाह और तुम्बाड 2 की टीम ने सोशल मीडिया पर उन्हें खास अंदाज में शुभकामनाएं दीं। टीम ने उन्हें एक अनमोल कलाकार बताते हुए कहा कि उनके साथ काम करना बेहद खास है।

सोहम शाह ने नवाजुद्दीन के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, हैप्पी बर्थडे नवाज भाई! आपके साथ काम करना एक खास सफर है, जिसे मैं हमेशा संजोकर रखूंगा।

सोहम शाह फिल्म्स ने तुम्बाड 2 की कास्ट और क्रू का एक वीडियो भी शेयर किया, जिसमें सभी ने नवाजुद्दीन सिद्दीकी की जमकर तारीफ की। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, हम #तुम्बाड के खजाने की तलाश में निकले थे, लेकिन पता चला कि हम तो इतने समय से उसी के साथ काम कर रहे थे । टीम #तुम्बाड की तरफ से जन्मदिन की ढेरों शुभकामनाएं ।

सोहम शाह की तुम्बाड सिर्फ एक फिल्म नहीं थी, बल्कि यह एक कल्ट फिनॉमेनन बन गई थी, जिसने लोककथाओं, रहस्य और हॉरर को शानदार तरीके से पेश किया। समय के साथ इसकी फैन फॉलोइंग और मजबूत होती गई, वहीं 2024 में हुई इसकी री-रिलीज भारतीय सिनेमा की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली री-रिलीज फिल्मों में शामिल रही।

हाल ही में खबरें आई थीं कि फिल्म के सीक्वल के लिए 200 दिनों का शूटिंग शेड्यूल और मुंबई में 7- 8 एकड़ में फैला शहर जैसा बड़ा सेट तैयार किया जा रहा है, जिसने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट और बढ़ा दी है। वहीं नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपनी दमदार स्क्रीन प्रेजेंस और अनोखे अंदाज के साथ तुम्बाड 2 की दुनिया को और भी दिलचस्प बनाने वाले हैं। सोहम शाह फिल्म्स और पेन स्टूडियोज के बैनर तले बन रही यह फिल्म इस साल के आखिर में फ्लोर पर जाएगी। तुम्बाड 2 को अभिनेता-निमार्ता सोहम शाह अपने बैनर सोहम शाह फिल्म्स के तहत पेन स्टूडियोज के साथ मिलकर बना रहे हैं, जिसकी कमान अनुभवी निमार्ता डॉ. जयंतीलाल गड़ा संभाल रहे हैं। पेन स्टूडियोज इससे पहले फ्फ्फ और गंगूबाई काठियावाड़ी जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों को सपोर्ट कर चुका है।

## '60 का हूं, लड़ना नहीं भूला, जला दूंगा' - पैपराजी पर भड़के सलमान खान



**बॉलीवुड** स्टार सलमान खान का गुस्सा एक बार फिर से देखने को मिला। हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसके बाद वह पैपराजी पर नाराज हो गए और उन्होंने उन्हें सख्त चेतावनी दी। घटना 19 मई की बताई जा रही है, जब सलमान खान को मुंबई के हिंदुजा अस्पताल जाते और वहां से लौटते हुए देखा गया। इसी दौरान कुछ पैपराजी फोटोग्राफर्स ने उनकी गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया।

जैसे ही सलमान अस्पताल से बाहर निकले, फोटोग्राफर्स ने जोर-जोर से 'भाई-भाई' चिल्लाना शुरू कर दिया और उनका ध्यान खींचने की कोशिश की। इस पर सलमान खान भड़क गए और उन्होंने पैपराजी को सख्त लहजे में डांट लगाई। सलमान ने कहा कि अस्पताल जैसे संवेदनशील जगह के बाहर इस तरह शोर-शराबा करना गलत है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि अगर किसी फोटोग्राफर के अपने परिवार का सदस्य अस्पताल में होता, तो क्या वे भी ऐसा ही व्यवहार करते। इसके बाद पैपराजी ने मौके पर ही माफी मांगी और वहां से चले गए।

सोशल मीडिया पर जताई नाराजगीः इस घटना के बाद मामला यहीं खत्म नहीं हुआ। सलमान खान ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट शेयर कर अपनी नाराजगी साफ तौर पर जाहिर की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर अलग-अलग तस्वीरों के साथ लंबे संदेश लिखे।

सलमान खान के सोशल मीडिया पोस्ट : सलमान ने पैपराजी विवाद के बाद इंस्टाग्राम पर चार पोस्ट के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर कीः

पहली पोस्टः उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रेस वाला उनके अस्पताल में दर्द का मजाक उड़ाता हुआ दिखा, तो यह गलत है। उन्होंने याद दिलाया कि उन्होंने हमेशा मीडिया का साथ दिया है और उन्हें काम करने में मदद की है।

दूसरी पोस्टः उन्होंने लिखा कि अगर कोई उनके दुख से पैसा कमाना चाहता है तो करे, लेकिन उसका मजा न ले। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या जिंदगी ज्यादा जरूरी है या सिर्फ तस्वीरें और कंटेंट।

तीसरी पोस्टः उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि अगर कोई उनके दर्द के साथ खिलवाड़ करेगा तो वह जवाब देंगे। उन्होंने यह भी पूछा कि अगर वही स्थिति किसी और की होती तो क्या वे भी ऐसा ही करते।

चौथी पोस्टः उन्होंने लिखा कि वह 60 साल के हो चुके हैं लेकिन अभी भी अपने लिए खड़े होना जानते हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि उन्हें हल्के में न लिया जाए।

## शाहिद और कृति का माशूका बना समर का सबसे ग्लैमरस पार्टी एंथम, कॉकटेल 2 का गाना रिलीज होते ही छाया



**इस** गर्मी सिर्फ धूप ही नहीं, बल्कि शाहिद कपूर और कृति सेनन का नया गाना माशूका भी लोगों का तापमान बढ़ाने आ गया है। मैडॉक फिल्म्स की अपकमिंग फिल्म ह्यकॉकटेल 2ह्व का यह नया ट्रैक रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गया है। गाने में दोनों स्टार्स की स्टाइलिश केमिस्ट्री, ग्लैमरस अंदाज और हाई-एनर्जी वाइब्स ने फैंस को पूरी तरह इंप्रेस कर दिया है।

स्टाइल, फ्लर्ट और फुल ऑन समर वाइबः 'माशूका' एक ऐसा समर ट्रैक है जिसमें मस्ती, फ्लर्ट और यंग लव की फील एक साथ देखने को मिलती है। गाने की बीट्स, हल्की-फुल्की नोकझोंक और विजुअल्स इसे एक परफेक्ट पार्टी एंथम बनाते हैं। शाहिद कपूर और कृति सेनन की ऑनस्क्रीन बॉन्डिंग इतनी फ्रेश और आकर्षक लग रही है कि फैंस इस जोड़ी को लगातार पसंद कर रहे हैं।

प्रीतम के म्यूजिक ने लगाया इंटरनेशनल तड़काः यूनिवर्सल म्यूजिक के साथ बने इस गाने को प्रीतम ने कंपोज किया है, जबकि इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं। वहीं राघव चैतन्य, महमूद और रुआ काय की आवाज ने इस ट्रैक को और भी खास बना दिया है। खासतौर पर महमूद का इंटरनेशनल टच गाने को अलग लेवल की स्टाइलिश फील देता है।

कृति सेनन के ग्लैमरस अंदाज ने खींचा ध्यानः पूरे गाने में कृति सेनन बेहद ग्लैमरस और कॉन्फिडेंट अंदाज में नजर आ रही हैं। उनका स्टाइल, एक्सप्रेशन और बेफिक्र एनर्जी हर फ्रेम में स्क्रीन पर छा जाती है। वहीं शाहिद कपूर भी अपने कूल और सहज अंदाज से गाने में चार चांद लगा रहे हैं। दोनों की केमिस्ट्री को सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है।

गाने को लेकर शाहिद कपूर ने कहा कि ह्यमाशूका का वाइब ऐसा है जो तुरंत आपको अपनी ओर खींच लेता है। कृति और मैंने शूटिंग के दौरान काफी मस्ती की क्योंकि यह गाना खुद को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेता। यह स्टाइलिश, खेल-खेल वाला और पूरी तरह फन एनर्जी से भरा हुआ है।

**कृति सेनन ने बताया फ्रेश और फ्लर्टी एक्सपीरियंसः** कृति सेनन ने कहा कि यह गाना पूरी तरह अलग फील देता है। उनके मुताबिक, ह्ययह ग्रूवी, फ्लर्टी और बेहद फ्रेश है। शूट के दौरान हमने इसे खूब एंजॉय किया और मुझे लगता है कि दर्शकों को इसकी एनर्जी और विजुअल्स दोनों बेहद पसंद आने वाले हैं।

**19 जून को रिलीज होगी कॉकटेल 2:** दमदार म्यूजिक, शानदार केमिस्ट्री और हाई-एनर्जी वाइब्स के साथ माशूका पहले ही फैंस की प्लेलिस्ट में जगह बना चुका है। अब दर्शकों को फिल्म कॉकटेल 2 का बेसब्री से इंतजार है, जो 19 जून को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

# पेड्डी का दमदार ट्रेलर आया सामने, राम चरण ने तीन अलग अवतार से जीता दिल




**बुची बाबू** सना के निर्देशन में बनी पेड्डी को वृद्दि सिनेमाज, माइथ्री मूवी मेकर्स और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में राम चरण और जान्हवी कपूर लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म का ट्रेलर आखिरकार रिलीज कर दिया गया है। पेड्डी का ग्रैंड प्रीमियर 3 जून को रखा गया है, जिसके बाद फिल्म 4 जून 2026 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

पेड्डी इस वक्त इंडियन सिनेमा की सबसे बड़ी और मोस्ट अवेट-ेड फिल्मों में से एक बनी हुई है। फिल्म में राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि जान्हवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। जैसे ही फिल्म के गाने, पोस्टर्स और ग्लिम्प्स सामने आए, वैसे ही पेड्डी को लेकर जबरदस्त बज बन गया। अब मेकर्स ने मुंबई में एक ग्रैंड इवेंट के दौरान फिल्म का पावर-पैक्ड ट्रेलर लॉन्च कर दिया है, जिसने एक्साइटमेंट को और भी बढ़ा दिया है।

पेड्डी का ट्रेलर एक बड़े सिनेमैटिक स्पेक्टेकल की झलक देता है। इसमें इमोशन्स, एक्शन और देसी मिट्टी से जुड़ी कहानी देखने को मिलती है, जहां खेल लोगों की जिंदगी और कल्चर का अहम हिस्सा हैं। इससे पहले मेकर्स राम चरण के पेड्डी पहलवान और क्रिकेटर वाले लुक को रिवील कर चुके थे, लेकिन ट्रेलर में दर्शकों को उनका बिल्कुल नया अंदाज देखने मिला। ट्रेलर में राम चरण तीन अलग-अलग स्पोर्ट्स और तीन पूरी तरह अलग अवतारों में नजर आ रहे हैं, जिसने फैंस की एक्साइटमेंट को अगले लेवल पर पहुंचा दिया है।

एक्शन, इमोशन्स और दमदार मोमेंट्स से भरपूर पेड्डी का ट्रेलर एक जबरदस्त सिनेमैटिक रोलरकोस्टर का वादा करता है। जान्हवी कपूर, जगपति बाबू, दिव्येंदु शर्मा और सपोर्टिंग कास्ट ने भी अपने शानदार परफॉर्मेंस से गहरी छाप छोड़ी है। थिएट्रिकल रिलीज से पहले ही पेड्डी ने जबरदस्त असर दिखाना शुरू कर दिया है और हर मार्केट में फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट तेजी से बढ़ती नजर आ रही है। खासकर ओवरसीज में फिल्म का क्रेज साफ देखने मिल रहा है, जहां रिपोर्ट्स के मुताबिक नॉर्थ अमेरिका में एडवांस बुकिंग खुलने के कुछ ही घंटों के अंदर 100ङ डॉलर का आंकड़ा पार हो गया, जो ऑडियंस के बीच बढ़ती डिमांड और एक्साइटमेंट को दिखाता है। फिल्म से सामने आए राम चरण के दमदार ट्रांसफॉर्मेशन्स भी फैंस के बीच बड़ा चर्चा का विषय बने हुए हैं। गांव के सिंपल क्रिकेटर से लेकर खतरनाक और दबंग पेड्डी पहलवान तक, उनके अलग-अलग अवतार उनकी जबरदस्त वर्सेटिलिटी दिखाते हैं।

वहीं एआर. रहमान का म्यूजिक भी फिल्म के क्रेज को अगले लेवल पर ले गया है।चिकिरी चिकिरीने 200 मिलियन व्यूज का शानदार आंकड़ा पार कर लिया है, जबकि राई राई रा रा को भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है और यह गाना यूट्यूब पर 68 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर चुका है। हर नए अपडेट के साथ पेड्डी को लेकर एक्साइटमेंट लगातार बढ़ती जा रही है और फिल्म धीरे-धीरे साल के सबसे मोस्ट अवेटेड सिनेमैटिक इवेंट्स में शामिल होती नजर आ रही है। पेड्डी को बुची बाबू सना ने लिखा और डायरेक्ट किया है। फिल्म में राम चरण लीड रोल में नजर आएंगे, जबकि शिवा राजकुमार, जान्हवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू भी अहम किरदार निभा रहे हैं। दमदार स्टारकास्ट फिल्म के स्केल और इम्पैक्ट को और बड़ा बनाती है।

फिल्म को वेंकट सतीश किलारू ने वृद्दि सिनेमाज के बैनर तले प्रोड्यूस किया है, वहीं माइथ्री मूवी मेकर्स, सुकुमार राइटिंग्स और आईवीवाई एंटरटेनमेंट इसके साथ जुड़े हैं। ईशान सक्सेना फिल्म के को-प्रोड्यूसर हैं।

आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने साल 2020 में शुरूआत की थी और कम समय में भारत की पॉपुलर प्रोडक्शन हाउस और फिल्म राइट्स एक्वायर्स में अपनी मजबूत पहचान बना ली है। कंपनी लगातार प्रीमियम आईपी और फिल्म राइट्स का बड़ा पोर्टफोलियो तैयार कर रही है और क्रिएटिव प्रोडक्शन हाउसेस के साथ मिलकर ऐसी फिल्में बना रही है जो दुनियाभर के दर्शकों से कनेक्ट करें। फिल्म की टेक्निकल टीम भी बेहद दमदार है। एआर. रहमान ने म्यूजिक दिया है, जबकि सिनेमैटोग्राफी आर. रत्नवेलु ने संभाली है। प्रोडक्शन डिजाइन अविनाश कोल्ला का है, एडिटिंग नवीन नूली ने की है और वी. वाई. प्रवीण कुमार एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं। पेड्डी को नॉर्थ इंडिया में जियो स्टूडियोज रिलीज करेगा। धुरंधर, धुरंधर द रिवेंज और राजा शिवाजी की शानदार सफलता के बाद अब इस फिल्म को लेकर भी जबरदस्त उम्मीदें हैं। फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर 3 जून 2026 को होगा, जबकि 4 जून 2026 को यह दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

## सुशांत सिंह राजपूत की एक्स-गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती ने छोड़ा सोशल मीडिया, कहा- आजकल मैं...



**एक्ट्रेस रिया** चक्रवर्ती ने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने का फैसला किया है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक ऑफिशियल स्टेटमेंट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने सोशल मीडिया से ब्रेक लेने और खुद के जीवन में चल रही हलचल के बारे में लिखा है. एक्ट्रेस ने बताया कि हाल ही में लगातार शोर और स्क्रॉलिंग के बीच वह खुद को थोड़ा मिस कर रही थीं.

19 मई को रिया ने अपने चाहने वालों के लिए एक पोस्ट किया, जिसने उनके फैंस को उदास कर दिया है. रिया ने अपने इंस्टाग्राम पर नोट शेयर किया है, जिसमें लिखा है, 'आजकल, मैं खुद को थोड़ा मिस कर रही हूं. लगातार शोर, स्क्रॉलिंग, यह सब मुझे उम्मीद से ज्यादा भारी लगने लगा है. मैं उस पल को कैप्चर करने के बारे में सोचे बिना प्रेजेंट में रहना मिस कर रही हूं।'

उन्होंने आगे लिखा है, 'मैं शांति को मिस कर रही हूं. मैं बस होना मिस कर रही हूं. इसलिए, मैं थोड़ी देर के लिए पीछे हट रही हूं ताकि धीमी हो सकूं, थोड़ी गहरी सांस ले सकूं, और जो रियल लगता है उससे फिर से जुड़ सकूं. अभी के लिए, पोस्ट किए गए पलों के बजाय जीए हुए पलों को चुन रही हूं. जल्द ही मिलते हैं.'

पोस्ट शेयर होने के तुरंत बाद, रिया के फैंस कमेंट सेक्शन में पहुंचे और अपनी चिंता जाहिर करते हुए एक्ट्रेस से अपना ध्यान रखने को कहा. एक यूजर ने लिखा, 'तुम्हारी याद आएगी. अपना ध्यान रखना.' दूसरे यूजर ने कहा, 'जिंदगी के पलों को चुनना हमेशा सही फैसला होता है. शांति का आनंद लो.' एक ने लिखा है, 'यहां तुम्हारी मौजूदगी की कमी खलेगी. थोड़ा रुककर, अपनी ऑफलाइन जिंदगी का मजा लो और फिर और भी स्ट्रॉन्ग होकर वापस आना.'

जून 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद रिया चक्रवर्ती की जिंदगी में एक बड़ा मोड़ आया। वह सुशांत सिंह की मौत से पहले उन्हें डेट कर रही थी. एक्टर की मौत के बाद सितंबर 2020 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने एक्ट्रेस को गिरफ्तार कर लिया था। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि उन्हें रिया के व्हाट्सऐप पर ड्रग पेडलर्स के साथ कुछ चैट्स मिली थीं. बाद में उन्हें जमानत मिल गई, लेकिन लंबे समय तक उनके सफर करने पर पाबंदियां लगी रहीं. प्रोफेशनल तौर पर, रिया अगली बार शो 'फैमिली बिजनेस' में एक अहम रोल में नजर आएंगी। हंसल मेहता के डायरेक्शन में बन रहे इस ड्रामा में वह अनिल कपूर, विजय वर्मा, नेहा धूपिया और ध्रुव सहगल के साथ काम करती दिखेंगी. यह एक्ट्रेस नेटफ्लिक्स के इस ड्रामा के साथ 7 साल के गैप के बाद एक्टिंग की दुनिया में वापसी कर रही हैं. बॉलीवुड में अपने सफर के बारे में बात करते हुए, रिया पिछली बार साल 2021 में बड़े पर्दे पर नजर आई थीं, जब वह अमिताभ बच्चन और इमरान हाशमी की मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म 'चेहरे' में दिखी थीं।

# मुंबई इंडियंस को लगा झटका, बचे दो मैचों से पहले टीम के दो स्टार खिलाड़ी हुए बाहर



**मुंबईः** मुंबई इंडियंस अपने बचे हुए दो मैचों में डिकॉक और राज अंगद बावा के बिना खेलेगी, क्योंकि वे पहले ही प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुके हैं। दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज डिकॉक को सनराइजर्स हैदराबाद के $खिलाफ एमआई के मैच से पहले अपनी बाईं कलाई में टेंडन की चोट लग गई थी। चंडीगढ़ के ऑलराउंडर राज अंगद बावा को पंजाब किंग्स के खिलाफ एमआई के पिछले मैच के दौरान अपने दाहिने अंगूठे में लिगामेंट टियर हो गया था। दोनों खिलाड़ी चोट से ठीक होने के लिए अपने-अपने घरों में हैं।

## कोलकाता के प्लेऑफ की उम्मीद के बीच रंग में भंग डालने उतरेगी मुंबई

**कोलकाताः** कोलकाता नाइट राइडर्स बुधवार को ईडन गार्डन में आईपीएल के 65वें मैच में मुंबई इंडियंस से भिड़ेगी, तो उसे हर हाल में जीतना होगा। मुंबई पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है, लेकिन केकेआर के पास अभी भी क्वॉलिफाई करने का एक छोटा सा मौका है और वह सीजन के आखिर में अपनी वापसी जारी रखने के लिए बेताब होगी। कैंपेन की खराब शुरूआत के बाद कोलकाता ने शानदार वापसी की है। सीजन की शुरूआत लगातार छह हार के साथ करने के बाद, केकेआर ने अपने पिछले छह मैचों में से पांच जीतकर जबरदस्त वापसी की है। उनकी सबसे नई जीत गुजरात टाइटंस के खिलाफ मिली, जहां बैड्ढ्रषटग यूनिट ने सीजन का अपना सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। केकेआर का मिडिल ऑर्डर भी सही समय पर अच्छा खेलने लगा है। कैमरून ग्रीन, रिंकू सिंह और मनीष पांडे ने बैटिंग लाइनअप में स्थिरता और तेज लाई है, जिससे बैटिंग लाइनअप में और गहराई आई है। टीम एक बार फिर अनुभवी ऑलराउंडर सुनील नारायण पर भरोसा करेगी, जिन्होंने पूरे सीजन में गेंद से अहम योगदान दिया है।

## यूरेनियम संवर्धन ईरान का कानूनी हक, रूस की अमेरिका को दोटूक, लावरोव ने ट्रंप प्रशासन को जमकर सुनाया



**एजेंसी/ मॉस्को:** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्द्धन करने के ईरान के अधिकार का समर्थन किया है। उन्होंने ट्रंप प्रशासन के ईरान पर डाले जा रहे नए दबाव का विरोध भी किया है। राजनयिक मुलाकातों के दौरान लावरोव ने इस बात पर जोर दिया कि ईरान, एक संप्रभु राज्य और परमाणु अप्रसार संधि (एनपीटी) का हस्ताक्षरकर्ता होने के नाते, अपने नागरिक परमाणु कार्यक्रम को विकसित करने का वैध अधिकार रखता है। लावरोव ने कहा कि ईरान को शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्द्धन करने का अधिकार है।

रूसी विदेश मंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन ने ईरान पर उसके परमाणु गतिविधियों पर अंकुश लगाने और क्षेत्रीय प्रभाव को सीमित करने के लिए राजनयिक और आर्थिक दबाव तेज कर दिया है। अमरीका ने ईरान के यूरेनियम संवर्द्धन स्तरों पर बार-बार चिंता व्यक्त की है, जो हाल के वर्षों में 2015 के जेसीपीओए के तहत निर्धारित सीमा से काफी ऊपर बढ़ गए हैं, जिससे अमरीका 2018 में अलग हो गया था।

**एकतरफा प्रतिबंधों-सैन्य धमकियों का विरोधः** रिपोर्ट के अनुसार, लावरोव का बचाव रूस के उस दीर्घकालिक नीति के अनुरूप है जिसमें वह ईरानी परमाणु मुद्दे के राजनयिक समाधान का समर्थन करता है। रूस हमेशा से ईरान पर एकतरफा प्रतिबंधों एवं सैन्य धमकियों का विरोध करता है। रूस का तर्क रहा है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम का समाधान टकराव के बजाय बहुपक्षीय वार्ताओं के माध्यम से किया जाना चाहिए।

## मेटा ने तड़के 4 बजे ईमेल भेजकर 8 हजार कर्मचारियों को नौकरी से निकाला, सामने आई चौंकाने वाली वजह



**नई दिल्ली :** सोशल मीडिया दिग्गज मेटा में एक बार फिर बड़े पैमाने पर छंटनी का दौर शुरू हो गया है। कंपनी ने अपनी ग्लोबल वर्कफोर्स में से करीब 10 फीसदी यानी लगभग 8 हजार कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इस भयानक छंटनी की शुरूआत सिंगापुर स्थित टीम के साथ की गई है, जहां 20 मई की सुबह 4 बजे ही कर्मचारियों को नौकरी से निकाले जाने का ईमेल भेज दिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले कुछ समय से लगातार यह कयास लगाए जा रहे थे कि 20 मई को कंपनी बड़े स्तर पर कर्मचारियों पर गाज गिराएगी, जो अब सच साबित हुआ है।

**एआई पर दबदबा बनाने के लिए लिया गया यह बड़ा फैसलाः** मेटा के सीईओ मार्क जकरबर्ग अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की रेस में सबसे आगे निकलना चाहते हैं। इसी योजना के तहत कंपनी इस साल अकपर अरबों डॉलर का भारी-भरकम निवेश करने जा रही है। मेटा के चीफ पीपल ऑफिसर जेनेला गाले ने एक इनहाउस मेमो में यह स्पष्ट किया है कि 8 हजार नौकरियां खत्म करने के साथ-साथ करीब 7 हजार कर्मचारियों को नई अक टीम में ट्रांसफर किया जा रहा है। कंपनी का मुख्य फोकस अब छोटी और अधिक प्रभावी टीमें तैयार करना है, ताकि गूगल और ओपनएआई जैसी बड़ी कंपनियों को एआई के मोर्चे पर कड़ी टक्कर दी जा सके। बता दें कि वर्तमान में दुनियाभर में मेटा के करीब 78 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं।

**एक महीने पहले ही मिल गया था छंटनी का अल्टीमेटमः** आपको बता दें कि मेटा ने बीते महीने ही इस बात की आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी थी कि वह करीब 8 हजार लोगों की छंटनी करने की तैयारी में है। इस खबर के सामने आने के बाद से ही कंपनी के कर्मचारियों का मनोबल काफी टूट गया था। दरअसल, जकरबर्ग ने एआई को कंपनी की सबसे बड़ी प्राथमिकता बना दिया है और इसके लिए इस स्तर पर नए इनोवेशन करना बेहद जरूरी है। मेटा पहले ही यह साफ कर चुका है कि उसका इस साल एआई तकनीक पर 125 अरब डॉलर से लेकर 145 अरब डॉलर तक के भारी निवेश का प्लान है। ऐसे में कंपनी की पूरी रणनीति अब भविष्य की इस तकनीक को केंद्र में रखकर बनाई जा रही है, जिसकी कीमत हजारों कर्मचारियों को अपनी नौकरी गंवाकर चुकानी पड़ी है।

## सम्राट चौधरी का बड़ा ऐलान, 30 दिन में शिकायतों का निपटारा नहीं हुआ तो 31वें दिन अधिकारी होंगे निलंबित



**पटनाः** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार को कहा कि सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों का हर हाल में 30 दिनों के भीतर निष्पादन किया जाएगा, और यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो संबंधित अधिकारी 31वें दिन स्वतः निलंबित माने जाएंगे।

चौधरी ने आज सारण जिले के सोनपुर प्रखंड स्थित डुमरी बुजुर्ग पंचायत में सबका सम्मान, जीवन आसान' अभियान के तहत आयोजित ह्यसहयोग शिविर' का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान और उन्हें न्याय दिलाना ही सहयोग शिविर' का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त आवेदनों का हर हाल में 30 दिनों के भीतर निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो संबंधित अधिकारी 31वें दिन स्वतः निलंबित माने जाएंगे।

सम्राट चौधरी बताया कि आवेदन मिलने के 10वें, 20वें और 25वें दिन संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी किया जाएगा, जिससे समय पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकसित और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार को समृद्ध बनाना चाहते हैं तथा ह्यसहयोग शिविर' इस दिशा में महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारत-इटली के रिश्ते निर्णायक दौर में

# उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर संवाद से आगे बढ़ रही साझेदारी





**नई दिल्लीः** भारत और इटली के संबंध अब एक निर्णायक दौर में पहुंच चुके हैं। हाल के वर्षों में दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तेजी से विस्तार हुआ है। यह संबंध केवल सौहार्दपूर्ण मित्रता तक सीमित नहीं रहे, बल्कि अब स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों तथा भविष्य के साझा दृष्टिकोण पर आधारित एक विशेष रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। ऐसे समय में जब पूरी दुनिया की व्यवस्था बड़े बदलाव के दौर से गुजर रही है, इटली और भारत की साझेदारी उच्च राजनीतिक और संस्थागत स्तर पर लगातार संवाद से आगे बढ़ रही है। यह संबंध अब एक नए और अधिक व्यापक स्तर पर पहुंच रहा है, जिसमें दोनों देशों की आर्थिक ताकत, सामाजिक रचनात्मकता और हजारों वर्षों पुरानी सभ्यतागत विरासत शामिल है। हमारा सहयोग इस साझा समझ को दशार्ता है कि 21वीं सदी में समृद्धि और सुरक्षा इस बात पर निर्भर करेगी कि देश कितनी क्षमता से नवाचार करें, ऊर्जा परिवर्तन का प्रबंधन करें और अपनी रणनीतिक आत्मनिर्भरता को मजबूत करें।

इसी उद्देश्य से हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा तथा विविध बनाने का संकल्प लिया है, ताकि नए लक्ष्यों को हासिल किया जा सके और दोनों देशों की पूरक शक्तियों का बेहतर उपयोग हो सके। हम इटली की डिजाइन क्षमता, बेहतरीन विनिर्माण कौशल और विश्वस्तरीय सुपरकम्प्यूटर तकनीक,जो उसे एक औद्योगिक महाशक्ति बनाती है, को भारत की तेज आर्थिक वृद्धि, इंजीनियरिंग प्रतिभा, बड़े पैमाने की क्षमता, नवाचार और 100 से अधिक यूनिकॉर्न तथा दो लाख स्टार्ट-अप वाले उद्यमी इकोसिस्टम के साथ जोडकर एक शक्तिशाली तालमेल बनाना चाहते हैं।

**ऊर्जा साझेदारी का महत्त्वपूर्ण आधारः** ऊर्जा हमारी साझेदारी का एक और महत्त्वपूर्ण आधार है। दुनिया में ऊर्जा के विविध स्त्रोतों की ओर बढ़ रहे बदलाव के लिए नवाचार, निवेश और सहयोग की आवश्यकता है। भारत और इटली नवीकरणीय ऊर्जा से लेकर हाइड्रोजन तकनीक, तथा स्मार्ट ग्रिड से लेकर मजबूत बुनियादी ढांचे तक कई क्षेत्रों में साथ काम कर रहे हैं।

# बंगाल के पूर्व मंत्री-पूर्व डीजीपी पर केस, मेस्सी के कार्यक्रम में भगदड़ पर आयोजक ने दर्ज करवाई शिकायत



**एजेंसी/ कोलकाताः** पश्चिम बंगाल में लियोनेल मेस्सी के कार्यक्रम के आयोजक सताद्रु दत्त ने राज्य के पूर्व खेल मंत्री अरूप विश्वास, पूर्व डीजीपी और तृणमूल कांग्रेस सांसद राजीव कुमार समेत चार अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में आरोप लगाया है कि पिछले साल दिसंबर में सॉल्ट लेक स्टेडियम में मची अफरा-तफरी के लिए यही लोग जिम्मेदार हैं तथा उन्हें (दत्त को) इस पूरे मामले में बलि का बकरा बनाया गया। दत्त ने विधाननगर दक्षिण थाने में पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य राजीव कुमार, कोलकाता नगर निगम की पार्षद जुइन विश्वास तथा सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के विभाग के सचिव शांतनु बसु के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराई है। दत्ता ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान हजारों एक्स्ट्रा पास जारी किए गए और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन हुआ।

उनका दावा है कि वीआईपी और वीवीआईपी पास ब्लैक में बेचे गए थे। उन्होंने कहा कि मेस्सी के मैदान पर आने के दौरान कुछ लोगों ने सुरक्षा घेरा तोड़ दिया, जिससे फुटबॉलर और उनकी सुरक्षा टीम अनकंफर्टेबल हो गई। इसके बाद मेसी ने कार्यक्रम जल्दी खत्म कर दिया। दत्त ने कहा कि मुझे और मेरे परिवार को धमकी दी गई कि अगर मैंने मुंह खोला तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। मेरे पास चुप रहने के अलावा कोई रास्ता नहीं था। दत्त ने यह शिकायत, भाजपा सरकार के नवनियुक्त खेल मंत्री निशीथ प्रामाणिक की ओर से मेस्सी प्रकरण की जांच का आदेश देने की घोषणा के बाद दर्ज कराई है।

### ओस्लो में प्रेस की आजादी पर तीखी बहस

# नार्वे की पत्रकार का सवाल, विदेश मंत्रालय ने जवाब देकर बोलती कर दी बंद



**संवाददाता**

**नई दिल्लीः** भारत के विदेश मंत्रालय ने नॉर्वे के प्रेस और वहां के पत्रकारों को प्रेस की स्वतंत्रता के मुद्दे पर कड़ा जवाब दिया है। मंत्रालय का स्पष्ट कहना है कि बहुत से विदेशी लोग अज्ञानी एनजीओ द्वारा प्रकाशित भ्रामक रिपोट्र्स को पढकर भारत के बारे में गलत धारणा बना लेते हैं और उन्हें भारत की विशालता का कोई अंदाजा नहीं है। नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज की नॉर्वे की एक पत्रकार हेला लेंग के साथ तीखी बहस हुई। जब उनसे भारत में मानवाधिकार और प्रेस की आजादी को लेकर सवाल किया गया, तो सिबी जॉर्ज ने भारत के विशाल मीडिया इकोसिस्टम की ताकत और उसकी पहुंच को गिनाते हुए करारा जवाब दिया। महिला पत्रकार ने सिबी जॉर्ज से पूछा कि दुनिया भारत पर भरोसा क्यों करे और क्या भारत में मानवाधिकार उल्लंघन बंद होंगे?

इसके अलावा पत्रकार ने ये भी पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय मीडिया के कठिन सवालों का जवाब देना शुरू करेंगे? सिबी जॉर्ज ने महिला पत्रकार के सवालों के जवाब देते हुए कहा कि भारत सिर्फ एक देश नहीं है, बल्कि ये पांच हजार साल पुरानी सभ्यता है। देश की पहचान उसकी आबादी, सरकार, संप्रभुता और क्षेत्र से होती है और दुनियाभर में भारत इन मामलों में मजबूत स्थित में है। भारत ने दुनिया को काफी चीजें दी हैं, फिर चाहें वे कोरोना का समय ही क्यों न हो, तब भी भारत, दुनिया से अलग नहीं रहा बल्कि जिन्हें उसकी जरूरत थी, उनके लिए भारत खड़ा हुआ। यही वो वजह है कि दुनिया भारत पर विश्वास करती है। जॉर्ज ने कहा कि हमारे पास एक संविधान है जो जनता के मौलिक अधिकारों की गारंटी देता है। भारत में देश की महिलाओं के लिए समान अधिकार हैं। **सिर्फ दिल्ली में ही 200 टीवी चैनल हैंः** सिबी जॉर्ज ने नॉर्वे के पत्रकार को जवाब देते हुए कहा कि क्या आपको पता है कि हमारे यहां कितनी खबरें छपती हैं? हमारे यहां हर दिन शाम को कितनी ब्रेकिंग न्यूज आती हैं। सिर्फ दिल्ली में ही अंग्रेजी, हिंदी और अन्य कई भाषाओं में कम से कम 200 टीवी चैनल मौजूद हैं। लोगों को भारत के इतने बड़े पैमाने की कोई समझ ही नहीं है।

**एनजीओ की भ्रामक रिपोट्र्स पर साधा निशानाः** विदेशी रिपोट्र्स की प्रामाणिकता पर सवाल उठाते हुए और उनकी आलोचना करते हुए विदेश मंत्रालय के सचिव ने कहा कि लोगों में समझ की कमी है। वे किसी अनजान और अज्ञानी एनजीओ द्वारा प्रकाशित एक या दो खबरों को पढ़ लेते हैं और फिर आकर इस तरह के सवाल पूछते हैं। **हमें अपने लोकतंत्र पर गर्वः** भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि 1947 में ही हमने अपनी महिलाओं को वोट देने का अधिकार दे दिया था। हमने एक साथ मिलकर आजादी हासिल की। मुझे ऐसे कई देशों के बारे में पता है, जहां भारत के कई दशकों बाद महिलाओं को वोटिंग का अधिकार मिला। हम समानता और मानवाधिकारों में विश्वास करते हैं। मानवाधिकार का इससे बेहतरीन उदाहरण क्या हो सकता है कि लोगों को अपनी सरकार बदलने और वोट देने का अधिकार हो। भारत में ठीक ऐसा ही हो रहा है और हमें इस बात पर बहुत गर्व है।

### भारतीय सशस्त्र बलों की तारीफ में बोले सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी

# ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाई सैन्य सटीकता



**नई दिल्लीः** थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मंगलवार को भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा पिछले साल चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सराहना की। सेना की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि यह अभियान सैन्य रणनीति, संयम और सटीकता का बेहतरीन उदाहरण था। दिल्ली में सेंटर फॉर लैंड वॉरफेयर स्टडीज में आयोजित एक सेमिनार में उन्होंने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि भारत ने गहराई तक हमला किया और फिर जानबूझकर रुक गया। यह नियंत्रित संयम और रणनीतिक समझदारी का नया मॉडल है। सेना प्रमुख ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सैन्य सटीकता, सूचना नियंत्रण, कूटनीतिक संकेत और आर्थिक दृढ़ता का प्रभावी प्रदर्शन किया। जनरल द्विवेदी ने कहा कि 12 महीने पहले भारत ने दुनिया को तथाकथित स्मार्ट पावर का एक आंशिक उत्तर दिया था। छह और सात मई की दरम्यानी रात 22 मिनट की सटीक कार्रवाई में ऑपरेशन सिंदूर ने सैन्य क्षमता, सूचना नियंत्रण, कूटनीतिक संदेश और आर्थिक संकल्प को एक राष्ट्रीय अभियान के रूप में पेश किया।

इस अभियान ने पड़ोसी देश के अंदर तक जाकर आतंकी ढांचे को ध्वस्त किया और लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक धारणाओं को तोड़ा। इसके बाद भारत ने सोच-समझकर कार्रवाई रोकी, जो स्मार्ट पावर का सबसे सटीक उदाहरण था। उन्होंने कहा कि आज वैश्विक स्तर पर पॉवर पॉलिटिक्स के जरिए समृद्धि को पुनर्गठित करने की कोशिश हो रही है, जिससे अविश्वास, अस्थिरता और गठबंधनों में विरोधाभास बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमें एक ऐसी दुनिया का वादा किया गया था जहां समृद्धि शक्ति राजनीति को अप्रासंगिक बना देगी।

**आतंकी ढांचे पर प्रहारः** जनरल के अनुसार, इस ऑपरेशन ने आतंक के ढांचे को गहराई से नुकसान पहुंचाया और वर्षों से चली आ रही रणनीतिक छूट को समाप्त कर दिया। इसके बाद यह कार्रवाई जानबूझकर और रणनीतिक रूप से रोक दी गई। 88 घंटे बाद ऑपरेशन को रोकना भी एक सोची-समझी रणनीति थी, जो यह दशार्ती है कि कब, कितना और कैसे सैन्य शक्ति का उपयोग करना है।



## सरकार ने बनाया बड़ा प्लान, पेट्रोल में अब 30% तक एथेनॉल मिलाने की तैयारी

**नई दिल्लीः** देश में पेट्रोल की बढ़ती खपत और विदेशी कच्चे तेल पर निर्भरता कम करने के लिए केंद्र सरकार अब एथेनॉल ब्लेंडिंग को नई ऊंचाई तक ले जाने की तैयारी में जुट गई है। मौजूदा ए20 योजना के बाद अब सरकार ए22, ए25, ए27 और ए30 फ्यूल मॉडल पर तेजी से काम कर रही है। यानी आने वाले समय में पेट्रोल में 30 प्रतिशत तक एथेनॉल मिलाने का रास्ता तैयार किया जा रहा है।

सरकार के इस कदम को भारत की ऊर्जा सुरक्षा रणनीति से जोड़कर देखा जा रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक सप्लाई संकट ने भारत को वैकल्पिक ईंधन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए मजबूर किया है। ऐसे में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को भविष्य के बड़े समाधान के तौर पर देखा जा रहा है।

18 मई को जारी अधिसूचना में ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स ने नए एथेनॉल ब्लेंड फ्यूल के लिए तकनीकी मानक तय कर दिए हैं। ये नियम 15 मई 2026 से लागू हो चुके हैं। फिलहाल देशभर में ए20 फ्यूल लागू किया जा रहा है, जिसमें पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिलाया जाता है, लेकिन अब सरकार इससे आगे की तैयारी में जुट गई है।

नई गाइडलाइन में ऐसे इंजन और वाहनों के लिए विशेष तकनीकी मानदंड तय किए गए हैं, जो अधिक एथेनॉल मिश्रित ईंधन पर चलेंगे। इसमें फ्यूल की गुणवत्ता, ऑक्टेन लेवल, सल्फर सीमा, पानी की मात्रा, वाष्प दबाव, जंग से सुरक्षा और फ्यूल की स्थिरता जैसे पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार का उद्देश्य भविष्य की फ्लेक्स-फ्यूल गाड़ियों को सुरक्षित, टिकाऊ और बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार करना है।

विशेषज्ञों का मानना है कि ज्यादा एथेनॉल मिश्रण से पेट्रोल आयात पर खर्च घटेगा, किसानों को गन्ना और अन्य फसलों के जरिए अतिरिक्त आय मिलेगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी।

एथेनॉल उद्योग से जुड़े संगठनों ने सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उद्योग जगत का कहना है कि इससे देश में अतिरिक्त एथेनॉल उत्पादन का बेहतर इस्तेमाल हो सकेगा और स्वच्छ ईंधन आधारित परिवहन को बढ़ावा मिलेगा। आंकड़ों के मुताबिक भारत की एथेनॉल उत्पादन क्षमता करीब 2 अरब लीटर तक पहुंच चुकी है, जबकि तेल कंपनियों द्वारा इसकी खरीद अभी लगभग 1 अरब लीटर तक सीमित है।

# ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में देशभर के केमिस्टों ने की हड़ताल, चतरा में भी दिखा व्यापक असर




संवाददाता

**चतरा :** अवैध और अनियंत्रित ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर बुधवार को देशव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का आयोजन किया गया। इस देशव्यापी आंदोलन के समर्थन में चतरा जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन और झारखंड राज्य केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के निर्देश पर चतरा जिले के सभी दवा विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रखे। इस दौरान स्थानीय प्रशासन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

तीन प्रमुख मुद्दों पर ध्यानाकर्षण: दवा विक्रेताओं ने आयुक्त, उपायुक्त, एसडीएम के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में सरकार का ध्यान मुख्य रूप से दवाओं की अवैध और अनियंत्रित ऑनलाइन बिक्री पर रोक लगाने, बिना किसी वैध और सत्यापित चिकित्सीय पर्चे के धड़ल्ले से हो रही दवाओं की बिक्री और उनकी होम डिलीवरी रोकने एवं ऑनलाइन दवा प्लेटफॉर्म्स द्वारा अत्यधिक छूट (डिस्काउंट) देने की अनुचित व्यापार नीति का विरोध किया है। दुकानदारों ने बताया कि इस नीति से छोटे और लाइसेंसी केमिस्टों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है।

नियमों को वापस लेने की मांग

ज्ञापन में विशेष रूप से जीएसआर 817(ई) एवं जीएसआर 220(ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की गई है। दवा संघ का आरोप है कि विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स और क्विक कॉमर्स ऑपरेटर्स इन नियमों का दुरुपयोग कर अनियंत्रित तरीके से दवाएं डिलीवर कर रहे हैं। केमिस्टों का कहना है कि दवाएं कोई सामान्य उपभोक्ता वस्तु नहीं हैं। उचित सत्यापन के बिना इनकी ऑनलाइन बिक्री जन स्वास्थ्य, मरीजों की सुरक्षा और 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट' के नियमों के लिए एक गंभीर खतरा है।

शांतिपूर्ण रहा आंदोलन, आवश्यक सेवाएं रहीं बहाल: चतरा जिला केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बिरजू केशरी बताया कि जिले में यह हड़ताल पूरी तरह शांतिपूर्ण रही। उन्होंने याद दिलाया कि कोविड महामारी के दौरान इन्हीं केमिस्टों ने फ्रंटलाइन हेल्थकेयर वर्कर्स की तरह अपनी जान जोखिम में डालकर जनता तक दवाएं पहुंचाई थीं, लेकिन बार-बार ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ऑनलाइन गतिविधियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। हालांकि, हड़ताल के दौरान मानवीय दायित्व निभाते हुए एसोसिएशन द्वारा जरूरतमंद और आपातकालीन मरीजों के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी।

# 21 से 23 मई तक जिले के सभी पंचायतों में होगी विशेष ग्राम सभा

## डीएमएफटी अंतर्गत पंचायतों की आवश्यकता आधारित योजनाओं का होगा चयन




संवाददाता

**चतरा :** जिला प्रशासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु डीएमएफटी मद अंतर्गत पीएमकेकेकेवाई मार्गदर्शिका के अनुसार जिले के सभी पंचायतों में 21 मई से 23 मई 2026 तक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा के माध्यम से पंचायतों की आवश्यकता आधारित वार्षिक कार्य योजना तैयार करते हुए जनोपयोगी एवं कल्याणकारी योजनाओं का चयन किया जाएगा।जारी आदेश के अनुसार पेयजल, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कौशल विकास एवं आजीविका, कृषि, पशुपालन, आधारभूत संरचना एवं सिंचाई से संबंधित योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया जाएगा।कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला प्रशासन द्वारा वरीय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं पंचायत सचिवों की जिम्मेदारी तय की गई है। पंचायत सचिवों को ग्राम सभा आयोजन से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।विशेष ग्राम सभा के दौरान पंचायत क्षेत्र अंतर्गत विद्यालय, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए आवश्यक योजनाओं का चयन किया जाएगा। ग्राम सभा में पारित योजनाओं का कार्यवाही पंजी भी संधारित किया जाएगा।जिले की कुल 154 पंचायतों के लिए विशेष दल गठित किए गए हैं। जिला स्तरीय पदाधिकारी पंचायतों का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम की मॉनिटरिंग डीएमएफटी के सदस्य सचिव सह उप विकास आयुक्त-सह-सदस्य सचिव अमरेन्द्र कुमार सिन्हा को कार्यक्रम का समग्र प्रभार सौंपा गया है।जिला प्रशासन ने बताया कि ग्राम सभा के माध्यम से अतिरिक्त वर्ग कक्ष, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शौचालय, आवासीय विद्यालय, आंगनबाड़ी सुदृढ़ीकरण, स्वरोजगार, महिला समूह सशक्तीकरण, कोल्ड स्टोरेज, वृक्षारोपण, पशुपालन, सड़क, पुल-पुलिया एवं सिंचाई जैसी विकासात्मक योजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

# डीसी ने 8 गुड सेमेरिटीन को सौंपा चेक सड़क हादसों में बचायी थी राहगीरों की जान



मेट्रोरेज संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाने वाले कुल 8 गुड सेमेरिटीन (नेक व्यक्तियों) को दो-दो हजार रुपये का चेक सौंपकर सम्मानित किया।मौके पर डीटीओ जितेंद्र यादव उपस्थित रहे।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद करना सबसे बड़ा मानवता का कार्य है। ऐसे लोगों को सम्मानित करना प्रशासन के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी सम्मानित व्यक्तियों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी तत्परता और संवेदनशीलता के कारण कई लोगों की जान बच सकी।

आज चेक प्राप्त करने वालों में गुलाम मुस्तफा, बसंत कुमार, अशोक कुमार यादव, संजीव कुमार चंद्रवंशी, जफर इमाम, विजय पांडे, पवन कुमार एवं आलोक पटेल शामिल रहे।छतरपुर के कचनपुर निवासी अशोक कुमार यादव ने 13 अप्रैल को मदनपुर में घायल हुए व्यक्ति को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया था। वहीं मुरूमदाग निवासी गुलाम मुस्तफा ने 15 अप्रैल को सिलदाग में हुई सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाकर मानवता की मिसाल पेश की।

उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को ‘पुलिस केस’ समझकर नजरअंदाज न करें। गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने से किसी की जान बचायी जा सकती है। सरकार द्वारा गुड सेमेरिटीन योजना के तहत मदद करने वाले लोगों को सम्मानित एवं प्रोत्साहित भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि आमजन आगे आएं, मानवता का परिचय दें और सड़क दुर्घटना में घायल लोगों की मदद कर एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभाएं।

# जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



संवाददाता

**चतरा :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं।जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, पेंशन, पेयजल,स्वास्थ्य, आवास, शिक्षा सहित विभिन्न विभागों से संबंधित मामले प्राप्त हुए। उपायुक्त ने प्राप्त आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं नियमानुसार निष्पादन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर समयबद्ध कार्रवाई करते हुए नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया, ताकि शिकायतों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित हो सके।ज्ञात हो कि जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय परिसर में नियमित रूप से जनता दरबार आयोजित किया जाता है, जहां आमजन अपनी समस्याएं एवं शिकायतें प्रस्तुत कर सकते हैं।

## लातेहार के डीएसपी अरविंद कुमार कोडरमा मुख्यालय डीएसपी बनाए गए



**बिनय मिश्रा :** झारखंड के लोकप्रिय कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले लातेहार के डीएसपी अरविंद कुमार कोडरमा मुख्यालय डीएसपी बनाए गए हैं। श्री कुमार गढ़वा जिला के बूढ़ा पहाड़ में नक्सल विरुद्ध सघन अभियान में काफी सक्रिय और उत्कृष्ट कार्यों के लिए भी पहचाने जाते हैं। श्री कुमार इससे पूर्व जमशेदपुर मुख्यालय डीएसपी भी रह चुके हैं तथा एसटीएफ में पदस्थापना के दौरान इनके बेहतर कार्य भी सराहनीय रहे थे। लातेहार में भी इनकी पदस्थापना काल के दौरान नक्सल विरुद्ध सघन अभियान अपराध नियंत्रण बेहतर विधि व्यवस्था इनकी सशक्त पहचान रही ऐसे पुलिस अधिकारी से विभाग, जिला और राज्य गौरवान्वित होते हैं।

### एसपी कपिल चौधरी के नेतृत्व में पुलिस-व्यवसायी संगोष्ठी

# शहर की सुरक्षा बढ़ाने और पिंक पेट्रोलिंग शुरू करने पर हुई चर्चा



संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू पुलिस जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत पुलिस और व्यावसायिक मंडल के बीच एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कपिल चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों समेत शहर के कई गणमान्य लोग शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, शहर की कानून व्यवस्था को दुरुस्त करना और पुलिस व जनता के बीच समन्वय को और मजबूत बनाना था। संगोष्ठी के दौरान जेवलर्स दुकानों कि सुरक्षा के कड़े इंतजामों पर चर्चा की गई। एसपी कपिल चौधरी ने ज्वेलर्स दुकानों में लूट और चोरी जैसी वारदातों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने की बात कही। उन्होंने सभी व्यवसायियों से विशेष अपील की कि वे सुरक्षा के लिहाज से अपनी दुकानों में पुलिस के द्वारा जारी कि गई क्यूआर कोड जरूर लगवाएं और एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाएं। इसके साथ ही उन्होंने व्यापारियों से यह भी अपील की कि वे अपनी दुकानों में काम करने वाले स्टाफ का वेरिफिकेशन नजदीकी थाने से अनिवार्य रूप से करवाएं ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा सके। शहर की सुरक्षा व्यवस्था को विशेषकर महिलाओं और व्यापारियों के लिए चाक-चौबंद करने के लिए एसपी ने घोषणा की कि शहर में जल्द ही 'पिंक पेट्रोलिंग' गश्ती टीम की शुरूआत की जाएगी, जिसमें महिला पुलिस पदाधिकारी तैनात रहेंगी। इसके अलावा सभी प्रमुख जगहों पर प्रॉपर चेकिंग पॉइंट बनाए जा रहे हैं और पुलिस गश्ती दल लगातार हर इलाके में मुस्तैद है। व शहर मे रात 11 बजे के बाद चाय की दुकानों पान कि दुकानों मे लगने वाले अनावश्यक भीड़ भाड़ व कुछ वेवजह बैठने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। या उन्हें बंद करवा दिया जएगा

एसपी ने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए टेंपो स्टैंड में लगने वाले टेंपो को व्यवस्थित करने और सड़कों पर व्हाइट लाइन का पालन कराने की बात भी कही।बैठक में हथियारों के लाइसेंस को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। एसपी ने कहा कि आत्मरक्षा के लिए हर समय अपना लाइसेंस रखना बहुत जरूरी नहीं है, इसे केवल किसी आपात स्थिति में ही साथ रखें। यदि किसी व्यवसायी को सुरक्षा संबंधी बड़ी समस्या या खतरा महसूस होता है, तो पुलिस उन्हें पूरी सुरक्षा मुहैया कराएगी।

एसपी ने आपातकालीन सेवा 'डायल 112' के बारे में जानकारी साझा करते हुए लोगों से अपील की कि किसी भी आपात स्थिति या फर्जी व धमकी भरे कॉल आने पर बिना डरे तुरंत 112 पर कॉल करें और पुलिस की सहायता लें। सुरक्षा के घेरे को और मजबूत करने के लिए उन्होंने सभी आम नागरिकों और व्यवसायियों से अपने-अपने घरों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने और साथ ही दुकानो के अंदर के अलावा दुकान के बाहर सड़क की तरफ भी सीसीटीवी कैमरे लगवाने की पुरजोर अपील की, ताकि अपराधियों की हर गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके और किसी भी वारदात को होने से रोका जा सके।

## न्यूज IN ब्रीफ

### फरार वारंटी के घर पुलिस ने चिपकाय इश्तिहार



**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सकरीगली नया टोला आश्रम में फरार वारंटी आजाद सिंह के घर एवं सार्वजनिक जगह पर मंगलवार को पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया। मुफस्सिल थाना के सहायक अवर निरीक्षक चंचल कुमार ने बताया कि अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी न्यायालय साहिबगंज के आदेशानुसार मुफस्सिल थाना कांड संख्या 40/25 के अभियुक्त आजाद सिंह फरार रहने की स्थिति में अभियुक्त के घर एवं सार्वजनिक स्थानों पर इश्तिहार चिपकाया गया।मौके पर थाना के सशस्त्र बल एवं चौकीदार उपस्थित थे।

### जिले के सरकारी विधायलों में आज से तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है



**साहिबगंज :** जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में 19 से 21 मई तक तीन दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सीखें खेलें सृजन करें थीम पर आधारित इस कैंप में विद्यार्थियों के लिए खेल,फिटनेस कला,संस्कृति व रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।समर कैंप के पहले दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया में योग अभ्यास,दौड़,रस्सी कूद,बॉल गेम,पुशअप एवं प्लैंक जैसी गतिविधियां कराई गईं।साथ ही बच्चों को मिट्टी,लकड़ी एवं कागज से खिलौने और झारखंड की संस्कृति से जुड़ी वस्तुएं बनाने की जानकारी दी गई।वही मुख्यमंत्री उत्कृष्ट कन्या विद्यालय पोखरिया के प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी ने बताया कि 20 मई को कबड्डी,खो-खो,फुटबॉल,वॉलीबॉल,कैरम,लूडो एवं शतरंज प्रतियोगिता के साथ पोस्टर मेकिंग कार्यक्रम आयोजित होंगे।वहीं अंतिम दिन 21 मई को गिल्ली-डंडा,पिट्ठू,कविता पाठ,भाषण, लोकगीत एवं क्षेत्रीय नृत्य के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को मंच दिया जाएगा। प्रधानाध्यापिका सीमा कुमारी ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों के शारीरिक,मानसिक एवं रचनात्मक विकास को बढ़ावा देना है।मौके पर विद्यालय के शिक्षक मनोहर शर्मा,सुप्रिया भारती,ललन कुमार,ज्ञान रंजन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मेदिनीनगर में पुलिस का जांच अभियान, 2 दर्जन से अधिक बाइक जब्त



**मेदिनीनगर :** पलामू जिला मुख्यालय में पुलिस कप्तान कपिल चौधरी के निर्देश पर मंगलवार देर शाम को शहर में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व डीएसपी राजीव रंजन ने किया। पुलिस की टीम ने मेजर मोड़ तथा कोयल रिवर फ्रंट के पास सघन जांच अभियान चलाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की।

जांच के दौरान बिना हेलमेट बाइक चलाने वाले, बुलेट मोटरसाइकिल में तेज आवाज करने वाला अवैध साइलेंसर लगाने वाले तथा मॉडिफाइड बाइक चलाने वाले चालकों, शराब के नशे में मोटरसाइकिल चालकों को चिन्हित किया गया। पुलिस ने करीब दो दर्जन से अधिक मोटरसाइकिलों को जब्त कर चालान की प्रक्रिया के लिए भेज दिया। अभियान के दौरान कई वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति देखी गई।

डीएसपी राजीव रंजन ने बताया कि लगातार शिकायत मिल रही थी कि कोयल नदी किनारे कुछ युवक तेज आवाज वाले साइलेंसर लगाकर बाइक दौड़ाते हैं। इससे रिवर फ्रंट पर आने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। तेज रफ्तार और स्टंट जैसी गतिविधियों के कारण दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। आम लोगों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि शहर के विभिन्न इलाकों में आगे भी लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। खासकर मॉडिफाइड साइलेंसर, बिना हेलमेट और तेज रफ्तार वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई होगी। पुलिस ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील भी की है

### प्रकाश सोय धनबाद के डीएसपी विधि व्यवस्था बने



**ज्योति पाठक :** झारखंड के तेजतर्रार पुलिस अधिकारी की बात चलती है तो डीएसपी प्रकाश सोय का नाम स्वतः ही जुंबा पर चला आता है। रांची जिला में कोतवाली डीएसपी के रूप में इनकी पहचान सिंघम की रही।नशा कारोबारियों की खूब खोज खबर लेने के साथ साथ नशा करने वालों के विरुद्ध भी इन्होंने सघन अभियान चलाया और सफल भी रहे। बेहतर विधि व्यवस्था लोगों की समस्या और पीड़ा सुनने और जानने के पश्चात सघन कार्यवाही इनके प्रणाली में शामिल है।श्री सोय इससे पूर्व चाईबासा मुख्यालय डीएसपी, रामगढ़ के डीएसपी भी रह चुके हैं आमजन मानस के लिए सरल और मृदुभाषी वहीं अपराध नियंत्रण और अपराधियों के लिए काफी कड़क पुलिस अधिकारी के रूप में इनकी पहचान है। ऐसे पुलिस अधिकारी पर निश्चित तौर पर गर्व है।